दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 206 | जयपुर, गुरुवार, 06 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### देशभर में 13430 छात्र बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



**जयपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा बुधवार को जारी सीए फाइनल व इंटरमीडिएट-2023 के रिजल्ट में सीए फाइनल परीक्षा में देशभर में 13430 छात्रों को पास हुए। फाइनल में अहमदाबाद के अक्षय रमेश जैन देशभर में पहले स्थान पर रहे हैं। दूसरे स्थान पर चेन्नई के कल्पेश जैन व तीसरे स्थान पर नई दिल्ली के प्रखर वार्ष्णेय रहे। इंटरमीडिएट में हैदराबाद के वाई गोकुल साई श्रीकर ने देश में टॉप किया है। जयपुर के विशेष काबरा ने फाइनल में 33वीं, प्रिया अग्रवाल ने 42वीं व आयुष कटारिया ने 44वीं रैंक हासिल की है। जयपुर की हर्षिका इंटरमीडिएट में देशभर में 16वें स्थान पर रही।

■ पेज 5 भी देखें

### विधानसभा सत्र 14 जुलाई से, अधिसूचना जारी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के सत्र की बैठक 14 जुलाई से होगी। इसी साल 21 मार्च को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की गई विधानसभा का सत्रावसान नहीं किया गया था। ऐसे में 14 जुलाई को शुरू हो रही विधानसभा की कार्यवाही बजट सत्र का ही हिस्सा होगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने बैठक 14 जुलाई को सुबह 11 बजे बुलाई है। इस संबंध में विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा द्वारा राजस्थान राजपत्र में बुधवार को अधिसूचना प्रकाशित करवा दी गई है। 15वीं राजस्थान विधानसभा का आठवां सत्र 23 जनवरी 2023 से शुरू हुआ था।

**आज राजस्थान कांग्रेस का दिल्ली में चुनावी रणनीति पर मंथन... मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जुड़ेंगे वर्चुअली**

# राहुल गांधी और खरगे करेंगे प्रदेश के नेताओं से गहन चर्चा

■ राज्य के 30 वरिष्ठ नेताओं को बुलाया गया दिल्ली ■ चुनावी 'रिवाज' तोड़ 'राज' रिपीट की कवायद

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस ने प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने और रणनीति बनाने के लिए गुरुवार को प्रदेश से जुड़े पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाई है।

बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी वाली इस बैठक में सचिन पायलट, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित 30 प्रमुख नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पैर में चोट के कारण जयपुर से ही इस बैठक में वर्चुअली भाग लेंगे। इस हाईलेवल बैठक में चुनाव कैसे जीता जाए, इस रणनीति को लेकर आलाकमान राजस्थान के टॉप नेताओं के साथ मंथन करेंगे।



### अन्य राज्यों पर हो चुका मंथन

राहुल गांधी और खरगे बाकी राज्यों की अब तक चुनावी प्लानिंग को लेकर बैठक ले चुके हैं। अब गुरुवार को राजस्थान की चुनावी रणनीति का खाका तैयार करने की बारी है। हालांकि सूत्र यह भी बता रहे हैं कि चुनावी रणनीति के तहत कुछ नेताओं को अलग से जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। गहलोत महंगाई राहत कैंप और वेलफेयर स्कीम से बने माहौल की जानकारी दे सकते हैं। चुनाव के लिहाज से हाईकमान के स्तर पर होने जा रही कांग्रेस की यह बैठक काफी अहम है।

### इन नेताओं को बैठक में बुलाया गया

सीएम गहलोत के अलावा डोटासरा, राज्य सरकार में मंत्री शकुंतला रावत, लालचंद कटारिया, प्रताप सिंह खाचरियवास और बीडी कल्ला, स्पीकर सीपी जोशी, भंवर जितेंद्र सिंह, मोहन प्रकाश, धीरज गुर्जर, रघुवीर मीणा, रामेश्वर डूडी, हरीश चौधरी, सचिन पायलट, ममता भूपेश, परसादी मीणा, रघु शर्मा, तीनों सहप्रभारी अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन और वीरेंद्र सिंह को इस अहम बैठक में बुलाया गया है।

**भाजपा का मुख्यमंत्री निवास घेराव: 200 हिरासत में**

# भाजपा महिला मोर्चा ने थाली बजा कर जताया आक्रोश

■ CMR कूच करती कार्यकर्ताओं को पुलिस ने खदेड़ा
■ हल्के बल प्रयोग में कई महिलाओं को लगी चोट

बेधड़क | जयपुर

भाजपा महिला मोर्चा की नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आक्रोश आंदोलन के दौरान बुधवार को चम्मच से 'थाली' बजाई। सीएम आवास की ओर जा रही महिलाओं और पुलिस के बीच बैरिकेडिंग तोड़ने को लेकर जमकर झड़प हुई। इसमें महिला मोर्चा की नेताओं सहित करीब दर्जन भर से ज्यादा महिलाएं घायल हुई।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बड़ी संख्या में गिरफ्तारी भी दी। जिन्हें पुलिस ने बसों में भर कर अन्य स्थानों पर छोड़ा। महिलाओं की थालियों पर महिला उत्पीड़न के खिलाफ स्टीकर लगे हुए थे। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ता और पुलिस गुत्थमगुत्था होती दिखाई दी। सीएम निवास मार्च से पहले भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर हुई सभा को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर, सांसद दीयाकुमारी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अलका मूंदड़ा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। जोशी ने कहा कि दिसंबर 2018 में जब से प्रदेश की कांग्रेस सरकार आई है, इनकी अकर्मण्यता से प्रदेश महिला अपराध में देश के शीर्ष राज्यों में शुमार हो गया है। औसतन 15 से 18 दुष्कर्म की घटनाएं प्रतिदिन हो रही हैं। महिलाएं न घर में, न खेत, न सड़कों पर, न एंबुलेंस, न अस्पतालों और न पुलिस थाने में सुरक्षित हैं। भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने आरोप लगाया कि राजस्थान 'रेपिस्तान' बन गया है।

दीयाकुमारी ने कहा कि यह सरकार की विफलता है कि राज्य की महिलाएं बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आई हैं। पुलिस ने उन्हें न्याय देने के बजाय उन्हें हिरासत में ले लिया। राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत महिला उत्पीडन पर लगाम नहीं लगा पाए तो कहते हैं कि दुष्कर्म के 65 फीसदी मामले झूठे व फर्जी होते हैं।



फोटो: राजेश कुमावत

### सांसद रंजीता कोली की तबीयत बिगड़ी

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा के अनुसार घायल नौ महिलाओं की ट्रोमा सेंटर में विशेषज्ञों द्वारा जांच की जा रही है। भरतपुर सांसद रंजीता कोली के सिरदर्द और चक्कर आने की शिकायत पर इमरजेंसी में पहुंची थीं, उनका सीटी स्कैन कराया गया, जिसकी रिपोर्ट सामान्य आई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि लगभग 200 महिलाओं को अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 129 के तहत अलग-अलग बसों में बिठाकर विद्याधर नगर पुलिस थाने ले जाया गया और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

**उमस से राहत: बंगाल की खाड़ी की हवा से मानसून फिर हुआ एक्टिव**

# प्रदेश के कई इलाकों में देर शाम झमाझम



@ सीकर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए मानसून एक बार फिर राहत लेकर आया है। हालांकि बुधवार दोपहर तक लोग उमस से परेशान रहे, लेकिन शाम होते ही राजधानी में ठंडी हवाओं के झोंकों और प्रदेश में कई जगह बारिश होने से लोगों को राहत महसूस हुई। बंगाल की खाड़ी से उठी हवाओं से बुधवार देर शाम भरतपुर, करौली, दौसा, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, राजसमंद, बांसवाड़ा और कोटा को तर-ब-तर कर दिया।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मानसून के दुबारा एक्टिव होने पर सबसे ज्यादा झुंझुनूं के पिलानी 80.3 मिमी बारिश में दर्ज की गई। वहीं, पूर्वी इलाकों में कई जगहों पर एक इंच या उससे ज्यादा बरसात दर्ज हुई। गुरुवार से प्रदेश में फिर बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई है।

### पश्चिम में तेज गर्मी ने छुड़ाए पसीने

मानसून की बेरुखी के कारण जोधपुर के फलौदी और बीकानेर में दिन का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इसके अलावा चूरू, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और जोधपुर में भी गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। इन इलाकों में मानसून के एक्टिव होने में दो से तीन दिन का समय लग सकता है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**उदयपुर का कन्हैयालाल हत्याकांड में सुनवाई**

# आरोपियों को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की कॉपी देने के दिए आदेश

बेधड़क | जयपुर

उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड में एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने बुधवार को आरोपियों को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की कॉपी देने के दिए आदेश दिए हैं। कोर्ट ने यह आदेश आरोपी मोहम्मद गौस, रियाज अत्तारी सहित मोहसिन, मोहम्मद मोहसिन, आसिफ, वसीम अली, मोहम्मद जावेद व मुस्लिम खान के प्रार्थना पत्र पर दिए। अब मामले में 26 जुलाई को चार्ज बहस होगी। वहीं, कोर्ट ने आरोपियों की उस प्रार्थना को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें मौके के रंगीन फोटोग्राफ दिलाए जाने के लिए कहा था। आरोपियों की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर कर कहा था कि उन्हें मृतक कन्हैयालाल की दुकान के सीसीटीवी फुटेज व फोटो और अनुसंधान के दौरान आरोपी मुस्लिम खान, मोहम्मद रियाज अत्तारी व गौस मोहम्मद की आवाज के जो नमूने लिए थे, उनकी सीडी दिलवाई जाए।



### अदालत ने ये साक्ष्य देने को कहा...

कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर एनआईए को निर्देश दिया कि वह दस्तावेज डी-19 के साथ शामिल मेमोरी कार्ड व डी-86 के साथ दी गई सीडी व मोबाइल मैसेज जिस डिवाइस में स्टोर किए गए थे, उसकी कॉपी आरोपियों को दे।

**आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: बैटर विलियम्सन टॉप पर**

# टीम इंडिया और अश्विन शीर्ष पर बरकरार



एजेंसी | दुबई

भारतीय टीम और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन नंबर वन बैटर बन गए। पिछले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारने वाली टीम इंडिया पहले स्थान पर बनी हुई है। अश्विन बॉलर्स की सूची में पहले स्थान पर हैं। इस ऑफ स्पिनर के 860 अंक हैं। वहीं, भारत के ही रविंद्र जडेजा ऑलराउंडर की सूची में 434 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। अश्विन भी इस सूची में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं लेकिन अक्षर पटेल ऑलराउंडर की सूची में पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में घायल होने के बाद से क्रिकेट से दूर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 10वें नंबर के साथ भारत के शीर्ष बल्लेबाज हैं। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रमशः 12वें और 14वें स्थान पर हैं।

### वनडे में गिल 5वें स्थान पर

शुभमन गिल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं जबकि कोहली (8वें)और रोहित (10वें) भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 टीम घोषित:** ईशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, सूर्य कुमार यादव (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, अवेश खान, मुकेश कुमार।

**पेपर लीक को रोक नहीं पा रही सख्ती**

# प्रदेश में साढ़े चार साल में 350 गिरफ्तार... सजा अब तक किसी को नहीं

- अब राजस्थान में आरोपियों को उम्र कैद की सजा की तैयारी
- राजस्थान में है 10 वर्ष की कारावास का प्रावधान
- यूपी में NSA के तहत केस, फिर भी नहीं रुके पेपर लीक मामले

हिमांशु शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान ही नहीं समूचे देश में पेपर लीक की घटनाओं ने न केवल युवा बेरोजगारों को निराश किया ही है, बल्कि सरकारों के नाक में भी दम कर रखा है। हर राज्य सरकार इसकी रोकथाम के लिए सख्त कानून बना रही है। उत्तर प्रदेश में तो राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत केस दर्ज किया जाता है, फिर भी पेपर लीक पर अंकुश नहीं लगा पाया। अब राजस्थान की कांग्रेस सरकार भी ऐसे अपराधियों पर और सख्ती करने की तैयारी में हैं। वर्तमान सजा के प्रावधान को 10 साल से बढ़ाकर उम्रकैद तक करने के लिए एक विधेयक लाने का ऐलान कर चुकी है। यहां बता दें गत साढ़े चार साल में करीब 350 लोगों के खिलाफ करीब 18 प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं, लेकिन सजा किसी एक में भी नहीं हुई! पेपर लीक होने के मामले में पुलिस और एसओजी कार्रवाई में लगी है।




### अधिकतर आरोपी हो गए जमानत पर रिहा

प्रदेश में विगत साढ़े चार साल 1 जनवरी 2019 से लेकर अब तक भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के कुल 18 प्रकरण दर्ज हुए हैं। जिनमें 16 प्रकरणों में चालान संबंधित न्यायालय में पेश किए जा चुके हैं, जबकि 2 प्रकरणों में अनुसंधान जारी हैं। इन प्रकरणों में कुल करीब 350 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जा चुकी हैं। इनमें से ज्यादातर जमानत पर हैं। इनमें आरपीएससी के पूर्व चेयरमैन हबीब खान गौरान, रीट पेपर लीक प्रकरण में तत्कालीन बोर्ड अध्यक्ष प्रो. डीपी जारौली, बत्तीलाल मीणा सहित जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

### एक सरगना ढाका अब तक फरार

उदयपुर में बस में वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा लीक प्रकरण में पकड़ी गई नकल गैंग मामले में करीब 65 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनमें से अधिकतर आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया था। वहीं सरकारी शिक्षक शेर सिंह के पकड़े जाने के बाद भी सुरेश ढाका जैसे मुख्य सरगना अभी तक फरार चल रहे हैं।

### यूपी में भी कमोबेश यही हालात

यूपी की भाजपा वाली योगी सरकार ने परीक्षा में लीक को रोकने के लिए पालीवाल कमीशन बनाया था। उन्होंने बहुत वृहद रिपोर्ट दी है। माना जाता था कि इसकी गाइडलाइंस से लीक के चांसेज बहुत कम रह जाएंगे। इसके अलावा एनएसए भी लागू किया गया इसके बावजूद कई पर्चे लीक हुए हैं।

### क्या कहते हैं कानूनविद्

"कानून तो कई बने हुए हैं, लेकिन मामले की जांच निष्पक्ष और समय पर होनी चाहिए। हत्या में फांसी की सजा का प्रावधान है, रिश्वतखोरी में सख्त सजा है, लेकिन जांच एजेंसी की लचर व्यवस्था से अपराधी सख्त सजा से बच रहे हैं। फास्ट ट्रैक अदालत की तर्ज पर सुनवाई हो। **-एके जैन,** सीनियर एडवोकेट, राज. हाई कोर्ट

## जरूरी खबर

### तबादलों को लेकर डिस्कॉम कर्मियों ने निकाली रैली



**जयपुर।** प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियों में इंटर डिस्कॉम तबादले की मांग लेकर बुधवार को डिस्कॉमकर्मियों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। डिस्कॉमकर्मियों ने गांधीनगर में विधायक आवास के बाहर से रैली के रूप में सीएमआर की ओर कूच किया, लेकिन पुलिस ने उनको वहीं रोक दिया। इंटर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामकेश मीना ने बताया कि तबादलों की मांग को लेकर पिछले 81 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहें हैं। इस कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा रहा है।

### दो आरएएस अधिकारियों के तबादले



**जयपुर।** राज्य सरकार ने आदेश जारी कर बुधवार को दो आरएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। आरएएस महेंद्र कुमार शर्मा को शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला का विशिष्ठ सहायक लगाया हैं। शर्मा इससे पहले अतिरिक्त आयुक्त विभागीय जांच का काम संभाल रहे थे। वहीं डॉ. प्रवीण कुमार को निदेशक गोपालन जयपुर लगाया है। यह पहले अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम, जयपुर का काम संभाल रहे थे।

### लोक जनशक्ति पार्टी ने मनाई पासवान की जयंती



**जयपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी ने बुधवार को रामविलास पासवान की 77वीं जयंती मनाई। प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता घनश्याम अवस्थी ने बताया कि रामविलास पासवान की 77वीं जयंती अम्बेडकर सोसायटी, झालाना डूंगरी में मनाई गई। इस उपलक्ष्य में प्रदेश अध्यक्ष सूरज कुमार ने गरीब, निर्धन व्यक्तियों को फल वितरित किए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पासवान द्वारा कमजोर लोगों के उत्थान के किए गए कार्यों को याद कर उन्हीं के मार्ग पर चलने की शपथ ली। इस अवसर पर पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहें।

---

**भाजपा विजय संकल्प टीम की बैठक में शामिल हुए नवनियुक्त पदाधिकारी, दो लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य**

# मोदी की बीकानेर में होने वाली जनसभा होगी पहला टास्क

■ **भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की हुई पहली बैठक**

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की नई विजय संकल्प टीम की बुधवार को पहली आधिकारिक बैठक हुई। जयपुर के प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हुई बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी शामिल हुए।

सभी पदाधिकारियों को प्रदेशाध्यक्ष सहित संगठन महामंत्री चंद्रशेखर व प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने संबोधित किया। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों को एकजुटता के साथ आगामी चुनावों में जुटने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही उन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस दौरान जोशी ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की यह अनुभवी और ऊर्जावान टीम विजय संकल्प टीम है।

आगामी विधानसभा और लोकसभा के चुनावों में यह टीम विजय संकल्प के साथ एकजुटता से काम करेगी। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने शनिवार को प्रदेश पदाधिकारियों की नई टीम की घोषणा करते हुए संगठन के पदों पर जिम्मेदारी तय की हैं। इसमें 11 प्रदेश उपाध्यक्ष, 5 महामंत्री व 11 प्रदेश मंत्री सहित एक कोषाध्यक्ष व सह कोषाध्यक्ष के पद पर कुल 29 नामों की घोषणा की हैं। नई टीम पहली बार भाजपा मुख्यालय औपचारिक रूप से किसी बैठक में शामिल होने के लिए पहुंची।




**मोदी के दौरे से शुरू होगी परीक्षा**

प्रदेश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार राजस्थान पर फोकस किए हुए हैं। इसी को लेकर पीएम मोदी के राजस्थान के बीकानेर में 8 जुलाई को आएंगे और यहां जनसभा करेंगे। इस सभा में भाजपा ने करीब दो लाख लोगों के साथ पहुंचने का लक्ष्य तय किया हैं। इसको लेकर नई टीम के साथ बैठक में चर्चा की गई। नई टीम के सामने इस जनसभा की तैयारियों को लेकर की गई प्लानिंग और सुझाव मांगे गए। ऐसे में अब नवनियुक्त टीम के पदाधिकारियों के सामने पहला टास्क पीएम मोदी की इस रैली को सफल बनाने का होगा। जिसमें पार्टी की ओर से सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाएगी और इसके निर्वहन की परीक्षा सभी को पास करनी होगी। मोदी के दौरे से पहले तैयारियों को लेकर सभी पदाधिकारियों को बैठक में जिम्मेदारी दी गई हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सभा स्थल का जायजा लेकर आ चुके हैं।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, सांसद दीया कुमारी, दामोदर अग्रवाल, जगवीर छाबा, मोतीलाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबा बालकनाथ योगी, सुखबीर जौनपुरिया, सीआर चौधरी, नारायण पंचारिया, सरदार अजयपाल सिंह, श्रवण सिंह बगडी, मुकेश दाधीच, संतोष अहलावत, चुन्नीलाल गरासिया, जितेन्द्र गोठवाल, प्रभुलाल सैनी, प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनियां, प्रियंका मेघवाल बालान, वासुदेव चावला, भानुप्रताप सिंह, नीलम गुर्जर, डॉ. महेन्द्र कुमावत, हीरालाल नागर, सांवलाराम देवासी, अनन्तराम विश्नोई, कृष्णा कटारा, पिंकेश पोरवाल, सह-कोषाध्यक्ष डॉ. श्याम अग्रवाल मौजूद रहे।

---

**नशे पर राज्य सरकार करेगी प्रहार, कार्यशालाओं से करेंगे जागरूक**

# राज्य सरकार चलाएगी गुरुशरण छाबड़ा जन जागरूकता अभियान

**CM ने 3 महीने की कार्ययोजना के लिए 2.5 करोड़ के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी**

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सरकार प्रदेश में नशे व मादक पदार्थों के सेवन से समाज और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए गुरुशरण छाबड़ा जन जागरूकता अभियान चलाएगी। नशे के खिलाफ जन जागरुकता अभियान को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत ने बुधवार को 3 महीने की कार्ययोजना के लिए 2.5 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री गहलोत के इस फैसले के बाद प्रदेशभर में रेडियो, टेलीविजन, सामुदायिक रेडियो, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, एनजीओ और सिविल सोसायटी के माध्यम से प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता की जाएगी। वहीं जागरुकता के लिए प्रदेश के स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर में भी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए उन्हें जागरूक किया जाएगा।



**गुरुशरण छाबड़ा को कांग्रेस ने दिया सम्मान**

राजस्थान में सम्पूर्ण शराबबंदी तथा मजबूत लोकायुक्त की मांग को लेकर 31 दिन तक अनशन करने के बाद गांधीवादी नेता गुरुशरण छाबड़ा की 2015 में मौत हो गई थी। तब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। छाबड़ा ने 2 अक्टूबर 2015 को अपना अनशन शुरू किया था। वह प्रदेश में सम्पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर काफी लम्बे समय से आन्दोलनरत थे। उन्होंने प्रसिद्ध सर्वोदयी नेता गोकुलभाई भट्ट के साथ मिलकर शराबबंदी के लिए चलाए गए अभियान में प्रमुख भूमिका निभाई थी। 1977 में वे सूरतगढ़ से जनता पार्टी से विधायक चुने गए थे। प्रदेश के सर्वोदयी तथा गांधीवादी आन्दोलन से उनका नजदीकी रिश्ता था। इससे पहले वर्ष 2014 के अप्रैल-मई में भी उन्होंने 45 दिन का अनशन किया था। इसके फलस्वरूप वसुंधरा राजे सरकार ने उनके साथ एक लिखित समझौता किया था कि शीघ्र ही एक सशक्त लोकायुक्त कानून तथा शराबबंदी के लिए कमेटी गठित की जाएगी और उस कमेटी की सिफारिशों को माना जाएगा, लेकिन लिखित वादे पर एक साल बाद भी क्रियान्वयन नहीं होने पर गुरुशरण छाबड़ा अनशन पर बैठ गए थे और इसी दौरान तबीयत खराब होने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया था। जब प्रदेश में 2018 में कांग्रेस की सरकार आई तो सीएम ने इनके नाम से कई योजनाएं शुरू की।

**शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा भारती SMS में भर्ती**

सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा भारती द्वारा 16 मई से अन्न त्याग के संकल्प के 51वें दिन बुधवार को भी उनका सत्याग्रह जारी रहा। पूजा भारती भारती का एसएमएस अस्पताल इलाज चल रहा हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री बीडी कल्ला छाबड़ा का हाल-चाल पूछने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने पूजा भारती के स्वास्थ्य की जानकारी ली। पूजा भारती ने कहा कि सूरतगढ़ को जिला बनाया जाए और राज्य को नशा मुक्त बनाया जाए व शराबबंदी आंदोलन के लिए पूर्व में किए हुए वादे को लागू करें। कैबिनेट मंत्री बीडी कल्ला ने बताया कि आपकी यह सारी रिपोर्ट मैं मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर शीघ्र ही इस विषय पर आपके साथ वार्ता करवाने का प्रयास करूंगा।

---

**शिक्षा मंत्री पहुंचे 'सच बेधड़क' चैनल**

# निष्पक्ष मीडिया लोकतंत्र की ताकत और जनता की आवाज

**पत्रकारिता जगत में बनाई खास पहचान**



■ **कल्ला ने कहा 'सच बेधड़क' इस काम को बखूबी दे रहा है अंजाम**

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा है कि निष्पक्ष मीडिया लोकतंत्र की ताकत है। मीडिया निष्पक्ष रहेगा तब ही वो आम जनता की आवाज सरकार तक पहुंचा पाएगा। 'सच बेधड़क' इस काम को बखूबी अंजाम दे रहा है।

कल्ला ने कहा कि 'सच बेधड़क' अखबार हो या चैनल कम समय में पत्रकारिता जगत में अलग मुकाम बना चुका है। बुधवार को सच बेधड़क के चैनल ऑफिस पहुंचे शिक्षा मंत्री ने कहा कि वे सच बेधड़क अखबार की खबरों से बेहद प्रभावित हैं और हर सुबह अनिवार्य रूप से वे इसे पढ़ते हैं। कल्ला ने सच बेधड़क ग्रुप को लगातार तरक्की की सीढ़ियां चढ़ने पर अपनी ओर से शुभकामनाएं भी दी। इससे पहले चैनल ऑफिस पहुंचने पर कल्ला का स्वागत सच बेधड़क के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने किया।

इस दौरान शर्मा और कल्ला ने विभिन्न विषयों पर करीब एक घंटे तक चर्चा की। बाद में विनायक शर्मा ने शिक्षा मंत्री को चैनल विजिट करवाते हुए कार्यप्रणाली की जानकारी भी दी।

---

**महोत्सव के लिए 73 हजार ने करवाया रजिस्ट्रेशन**

# युवा महोत्सव 10 जुलाई से होगा शुरू, तीन स्तर में होंगे कार्यक्रम

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूथ बोर्ड की ओर से प्रदेशभर में राजस्थान युवा महोत्सव 2023-24 का आयोजन 10 जुलाई से शुरू होगा। इसमें राजस्थान की लुप्तप्राय और दुर्लभ लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण को लेकर युवा महोत्सव की रूप-रेखा तैयार की गई है।

महोत्सव को लेकर युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा ने बताया कि इस बार युवा महोत्सव का आयोजन 3 स्तर पर होगा।



इसमें ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय आयोजन 10 से 25 जुलाई तक किया जाएगा।

जिला स्तर पर दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे जो 26 जुलाई से 10 अगस्त तक होंगे। वहीं राज्यस्तर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे जो 20 से 22 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। लांबा ने बताया कि यूथ महोत्सव में 15 वर्ष से 29 वर्ष तक के आयु वर्ग के युवाओं को शामिल किया जा रहा है जो विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में शामिल होने के लिए अब तक 73 हजार युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 9 जुलाई तक लगातार जारी रहेगी।

---

**878 करोड़ के मेजर व माइनर मिनरल के ब्लॉक्स की होगी नीलामी**

# 42 रॉयल्टी ठेकों की ई-नीलामी 12 से

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने खनन पट्टों से निकलने वाले खनिज पर देय राजस्व की वसूली के लिए 19 जिलों के 42 रॉयल्टी ठेकों की ई-प्लेटफार्म पर नीलामी प्रकिया शुरू कर दी है।

यह जानकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम व उद्योग वीनू गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 39 रॉयल्टी नाकों की ऑनलाइन नीलामी भारत सरकार के ई-पोर्टल पर 12, 13 और 14 जुलाई व तीन ठेकों की नीलामी 4 अगस्त को होगी। उन्होंने बताया कि ई-नीलामी की विस्तृत



जानकारी विभागीय वेबसाइट व भारत सरकार के पोर्टल पर देखी जा सकती है।

गुप्ता ने सचिवालय में निदेशक माइंस संदेश नायक व उपसचिव नीतू बारुपाल के साथ मेजर व माइनिंग ब्लॉकों के नीलामी की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 142 माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। वहीं मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है।

**4 जुलाई को जारी हो चुकी सूचना**

गुप्ता ने बताया कि इसके लिए 4 जुलाईको सूचना जारी हो चुकी है। माइंस विभाग द्वारा जारी खनन पट्टों से निकाले जाने वाले खनिज पर वसूल किए जाने वाले रॉयल्टी कलेक्शन कॉन्ट्रेक्ट, एक्सेस रॉयल्टी कलेक्शन कॉन्ट्रेक्ट, जिला स्तरीय मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट, राज्य स्तरीय मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट के लिए दिए जाएंगे। यह ठेके खानों से आरसीसी, ईआरसीसी, डीएमएफटी, आरएसएमईटी के शुल्क, अधिशुल्क वसूली के लिए दिए जा रहे हैं।

---

**केंद्र से मांगा प्रदेश का हक**

# राज्यों का गेहूं कोटा बढ़ाने की मांग, सीएस ने कोयले का कोटा भी मांगा

■ **खाचरियावास ने कहा- खाद्य सुरक्षा कानून की मूल भावना का रखे ध्यान**

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने केन्द्र से प्रदेश के हिस्से का कोयला और गेहूं के कोटे की मांग की। वाणिज्य भवन में बुधवार को केंद्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित राज्यों के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रियों की बैठक में राजस्थान का पक्ष रखते हुए राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि केंद्र सरकार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून की मूल भावना का सम्मान करते हुए राज्यों को दिए जाने वाले को गेहूं का कोटा जल्द बढ़ाना चाहिए, ताकि जरूरतमंद प्रदेशवासी इस कानून से लाभान्वित हो सके। खाचरियावास ने कहा कि केंद्र सरकार आज भी वर्ष 2011 की जनगणना को आधार मानते हुए खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत राज्य को गेहूं प्रदान कर रही है जो कि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस सीलिंग सीमा को समय और जनसंख्या की जरूरतों के अनुसार अद्यतन करना चाहिए।




साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्र में 2011 की तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार की ओर से राज्यों को गेहूं देने की निर्धारित सीमा को भी आज तक संशोधित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आज 60 लाख लोग खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गेहूं प्राप्त करने के हकदार हैं, उन्हें उनके हक से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

**निर्बाध बिजली के लिए कोयला जरूरी: मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने केन्द्रीय कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीना से मुलाकात कर केन्द्र और राज्य के बीच कोयला आपूर्ति और बिजली उत्पादन से संबंधित लंबित मुद्दो पर चर्चा की। नई दिल्ली के शास्त्री भवन में बुधवार को आयोजित बैठक में राजस्थान में आमजन तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कोयला आपूर्ति करने का आग्रह किया। गौरतलब है कि राजस्थान में लम्बे अर्से से कोयले की कमी बनी हुई है। केन्द्र की तरफ से एक तरफ कोटे से कम कोयला आपूर्ति की जा रही है और जो कोयला दिया जा रहा है उसे लाने में राजस्थान सरकार को परिवहन के तौर पर ज्यादा शुल्क देना पड़ रहा है।



## जरूरी खबर

### 7 सूत्रीय मांगों को लेकर स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन



**जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय में बुधवार को 7 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्र नेत्री कोमल मोहनपुरिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। मांगों को लेकर स्टूडेंट्स पहले यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद स्टुडेंट्स कुलपति सचिवालय के मुख्य द्वार पर बैठ गए। मोहनपुरिया ने बताया कि चीफ प्रॉक्टर एचएस पलसानिया को ज्ञापन सौंपा गया है। मांगों पर जल्द से जल्द अमल नहीं किया गया तो उग्र प्रदर्शन करेंगे।

### धर्म परिवर्तन मामले में नाबालिग से मिलीं बेनीवाल



**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके से नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने और धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश के मामले में बाल संरक्षण आयोग ने प्रसंज्ञान लिया है। इस संबंध में आयोग अध्यक्ष संगीता बेनीवाल बुधवार को नाबालिग से मिलने गांधीनगर स्थित राजकीय बालिका गृह पहुंची और मामले की जानकारी ली। बेनीवाल ने मामले की जांच के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिण योगेश गोयल से भी मामले की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाल कल्याण समिति ने बच्ची की काउंसिलिंग की है। समिति ने उसका हौसला बढ़ाया है। मामले में वे खुद जांच कर रही हैं। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि मानसरोवर थाने में एक व्यक्ति को एक नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने और उसे मुस्लिम बनाने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**खुलासा:** प्रॉपर्टी कारोबारी को बंधक बनाकर फिरौती मांगने और पैरों पर गोली मारने के मामले में चार गिरफ्तार

# उधार रकम पर 35% ब्याज लगाया तो दे दी मारने की सुपारी

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में अवैध ब्याज का धंधा जानलेवा बनता जा रहा है। अब तक ब्याज माफियाओं से परेशान होकर लोगों के आत्मदाह करने की खबर आती रही हैं, लेकिन इस बार ब्याज व प्रॉपर्टी कारोबारी व उसके तीन साथियों को दो घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट कर एक करोड़ की फिरौती मांगने और फिर कारोबारी के पैरों में गोली मार देने का मामला सामने आया है।

इस मामले में जयपुर कमिश्नरेट के मालपुरा गेट थाना पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों से पूछताछ में पता चला है कि ब्याज व प्रॉपर्टी कारोबारी गणेश चौधरी ने जिस भावेश को उधार रुपए दिए थे, उसने ही ब्याज की राशि से परेशान होकर अन्य राज्य के नामी गैंगस्टर्स से संपर्क कर इसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया था।

मामले में पुलिस ने बुधवार को भावेश सुमेरिया त्रिपुरा नगर सांगानेर सदर, अंतिम सेन उर्फ गोलू, कुलदीप सिंह, भवानी सिंह राजावत को पकड़ा है। ये रेनवाल मांझी के रहने वाले हैं। मामले में 17 मामलों में आरोपी गैंगस्टर्स सुरेश ढंढोरिया सहित हरियाणा के चार शूटर्स को चिह्नित किया है।



### जेल में हुई थी गैंगस्टर्स से दोस्ती

एडिशनल कमिश्नर कैलाश चंद विश्नोई ने बताया कि उधार लेने वाला आरोपी भावेश करीब दो साल पहले धोखाधड़ी के मामले में सूरत जेल में बंद हुआ था। यहीं पर गैंगस्टर सुरेश भी डकैती के मामले में जेल में था तो दोनों के बीच दोस्ती हो गई। भावेश जेल से बाहर आ गया और सुरेश यहां से पेरोल के बाद फरार हो गया। इससे भावेश ने संपर्क किया और गणेश व उसके बीच हुए विवाद के बारे में बताया तो सुरेश ने गणेश को बंधक बनाकर एक करोड़ रुपए फिरौती मांगने का प्लान बनाया और इसमें दोनों ने आधी-आधी रकम का बंटवारा करना तय किया।

### 3.50 लाख के मांग रहा था 5 लाख

गणेश चौधरी ने आरोपी भावेश को लग्जरी कार गिरवी रखकर 3.50 लाख रुपए उधार दिए थे। तय समय पर रुपए नहीं चुकाए तो गणेश ने 35 प्रतिशत ब्याज लगाकर इसे 5 लाख रुपए देना तय कर दिया। इसको लेकर दोनों में लड़ाई-झगड़े हुए। जब गणेश ने भावेश की कार लेने के लिए कहा तो उसने सुपारी दे दी।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

भावेश और अन्य तीन आरोपियों ने रैकी कर दो जून को शूटर्स को चौरड़िया पेट्रोल पंप स्थित गणेश के ऑफिस पर भेज दिया। सुरेश समेत शूटर्स ने गणेश और उसके तीन साथियों को दो घंटे तक बंधक बना लिया। सुरेश ने गणेश से एक करोड़ की फिरौती मांगी। मना किया तो दोनों पैरों में गोली मार दी। डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव के नेतृत्व में एसीपी सांगानेर विनोद कुमार और थानाप्रभारी सतीश चंद की टीम गठित की।

> पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। सभी आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे। वहीं ब्याज का धंधा लीगल नहीं हो सकता है। किसी भी तरह की आपराधिक वारदात में शामिल होने वाले को बक्शा नहीं जाएगा।
>
> **कैलाश चंद विश्नोई,** एडि. कमिश्नर

> आरोपियों को जयपुर में फ्लैट किराए पर देने वाले मकान मालिक पर भी कार्रवाई होगी। भावेश ने सभी को एक फ्लैट पर रुकवा दिया। अंतिम सेन उर्फ गोलू के जरिए गणेश से भावेश ने एक माह के लिए पैसे उधार लिए थे। वहीं पकड़े गए कुलदीप सिंह, भवानी सिंह ने रैकी की और वाहन उपलब्ध करवाए। हरियाणा की गैंग से जुड़े फरार आरोपियों की तलाश जारी है।
>
> **ज्ञानचंद यादव,** डीसीपी ईस्ट

**परेशानी:** पुलिस ने 24 घंटे पहले ही बंद कर दिया सरदार पटेल मार्ग

# भाजपा के विरोध प्रदर्शन में जाम से जूझती रही जनता

## महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं वाली बसों की अस्त-व्यस्त पार्किंग ने बिगाड़ी व्यवस्था

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की ओर से बुधवार को किए गए विरोध प्रदर्शन के कारण पुलिस प्रशासन ने कई मार्गों को बेरिकेड लगाकर बंद कर दिया। इसके कारण शहर की जनता को एक बार फिर से जाम से जूझना पड़ा।

हालांकि, महिला मोर्चा की ओर से विरोध प्रदर्शन बुधवार को दोपहर 12 बजे बाद से शुरू किया गया था, लेकिन पुलिस ने मंगलवार रात से ही सरदार पटेल मार्ग को बंद कर दिया। इसके चलते स्थानीय वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बुधवार को भी मुख्य मार्ग अवरुद्ध होने से सुबह से वाहन चालक तंग गलियों में से वाहन निकालते नजर आए। इससे गलियों में लम्बा जाम दोपहर तक लगा रहा। स्थानीय व्यापारी और पुलिस ने बड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाया। इस दौरान रास्ते में मरीज को ले जा रही एक एम्बुलेंस भी जाम में फंसती नजर आई।



### लोग बोले: चुनावी साल में शहर से बाहर हों सभा-प्रदर्शन

जाम के कारण स्टेच्यू सर्कल से चौमूं हाउस तक लम्बा जाम लग गया। पुलिस ने चौमूं हाउस पर ही बेरिकेड लगाकर वाहनों को स्टेच्यू सर्कल की ओर मोड़ दिया था। इससे रोडवेज बसें और सहकार मार्ग की ओर जाने वाला यातायात भी स्टेच्यू सर्कल की ओर ही डायवर्ट कर दिया। इस दौरान सी स्कीम के बगड़िया भवन, सचिवालय के पीछे, अशोक मार्ग, डियर पार्क के रास्तों में भी वाहनों की रेल देखने को मिली। जाम में फंसे कई वाहन चालकों ने बात करने पर उन्होंने बताया कि ये साल चुनावी साल है। आगे भी राजनीतिक पार्टियां धरना-प्रदर्शन करेंगी। सरकार को चाहिए कि वे इस तरह के प्रदर्शन को शहर के बाहर करने की अनुमति दें, ताकि आम जनता को परेशान नहीं होना पड़े। सरकार को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

### पार्किंग व्यवस्था फेल, मुख्य मार्गों पर खड़ी की बसें

प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रदेश भर से महिलाएं बसों में बैठ कर आई थीं। प्रशासन ने बाहर से आने वाली बसों के लिए अमरुदों के बाग और स्टेच्यू सर्कल के पास पार्किंग की व्यवस्था की थी, लेकिन सभा स्थल दूर होने और तेज गर्मी के कारण महिलाएं बसों के जरिए ही चौमूं हाउस तक बैठ कर आ गई। इससे कई बसें निर्धारित पार्किंग पर वापस नहीं आ पाई और बीच रास्तों में ही खड़ी हो गई। इससे रोडवेज मुख्यालय, सी स्कीम, पटेल मार्ग, सहकार सर्कल आदि इलाकों में भी जाम की स्थिति बन गई।

**वीवा सिटी मॉल के खिलाफ शिकायत**

# दुकान के ताले तोड़े बैंककर्मियों से मिल किया अवैध निर्माण

बेधड़क | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट के शिवदासपुरा थाने में दुकान के ताले तोड़कर और बैंक कर्मियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी करते हुए अवैध निर्माण करने की शिकायत दर्ज हुई है। शिकायतकर्ता लाल मोरानी ने थाने में दी शिकायत में बताया कि महल रोड जगतपुरा वीवा सिटी मॉल प्राइवेट लिमिटेड के विकास अग्रवाल, तरुण कुमार परमार एवं यस बैंक के प्रतिनिधि निखिल कुमार व्यास अमित भारद्वाज व अन्य ने मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी की और उनकी स्वामितत्व वाली प्रॉपर्टी पर अवैध निर्माण कर लिया।

हालांकि, वीवा मॉल में स्थित इन दुकानों का भौतिक कब्जा यस बैंक के पास है, लेकिन शिकायतकर्ता लाल मोरानी ने आरोप लगाया है कि कोर्ट की ओर से यथास्थिति आदेश होने और प्रार्थी का सामान दुकानों में रखे जाने के बावजूद भी नामजद लोगों ने दुकान नंबर 3 और 4 के ताले तोड़कर उनका सामान चोरी कर लिया और इन दुकानों में अवैध निर्माण कर एक नया रास्ता बना लिया। साथ ही प्रार्थी का कहना है कि यह नया निर्माण जेडीए से अनुमोदित नक्शे के अनुसार पूरी तरह अवैध है और इनके ऊपर कोई और बिल्डिंग नहीं बन सकती थी। इस पर भी नई बिल्डिंग बना ली गई है। मोरानी ने थाने में शिकायत देकर नामजद लोगों पर आरोप लगाए हैं कि इन्होंने मिलीभगत कर षडयंत्र पूर्वक प्रार्थी के स्वामित्व की चोरी कर ली और सामान को खुर्द बुर्द कर शॉप नंबर 3 व 4 पर तोड़फोड़ करके निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

### जेडीए ने ध्वस्त किए अवैध निर्माण

**जयपुर।** जेडीए ने बुधवार को विभिन्न इलाकों में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। जोन 12 में सिरसी में गैर अनुमोदित योजना स्वास्तिक रेजिडेंसी में सड़क को रोक कर पिछले कई दिनों से चबूतरे व पिल्लर निकाल कर ऊपर छत का निर्माणाधीन मंदिरनुमा ढांचे बनाया जा रहा था। इसे ध्वस्त किया गया। जोन 11 में भी लीलों की ढाणी, जयसिंहपुरा में नारायण विहार के नाम से लगभग 7-8 बीघा में बाउण्ड्रीवाल्स व अन्य अवैध निर्माण कर काटी जा रही कॉलोनी के निर्माण तोड़े।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**रामपुरा रोड पर नाले का काम शुरू होने पर ही उठे लोग**

# सीवर के पानी में बैठ किया प्रदर्शन

बेधड़क | जयपुर

सांगानेर इलाके के रामपुरा रोड में पिछले 20 सालों से नालियां नहीं बनने से पिछले कई दिनों से सीवर का पानी सड़क पर ही भर रहा था। इसकी सुनवाई नहीं होने से स्थानीय निवासियों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा और वे सड़क पर जमा सीवर के गंदे पानी में ही बैठ प्रदर्शन करने लग गए। जेडीए के एईएन आदित्य गोयल, तहसीलदार नीलम बंसीवाल और नगर निगम के जेईएन संजय मीणा मौके पर पहुंचे और बुधवार को ही नाले का निर्माण शुरू करा दिया। इस दौरान करीब चार घंटे तक सैकड़ों लोग सीवर के पानी में बैठे रहे। ग्रेटर निगम वार्ड 88 के पार्षद प्रतिनिधि विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि हमने अनशन समाप्त कर दिया है। प्रशासन ने एक महीने में काम पूरा करने की कही है। नाला नहीं बना तो दुबारा से आंदोलन किया जाएगा। इस मामले में सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने कहा कि 20 बार से ज्यादा रामपुरा रोड की समस्या को विधानसभा में उठा चुका है, लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई।



**कचरे के ढेर और सड़क पर गंदगी देख नाराज हुए यूडीएच सचिव**

# औचक निरीक्षण पर निकले तो खुली पोल

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर शहर की साफ-सफाई को लेकर कितनी गम्भीर है, इसकी शिकायतें तो अक्सर आमजन को तो रहती ही है, बुधवार को ये सच्चाई स्वायत्त शासन विभाग के सचिव महेश चंद शर्मा के सामने भी आ गई।

सचिव महेश चंद शर्मा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों का जायजा लेने शहर के दौरे पर निकले। शहर की सबसे वीआईपी रोड जेएलएन मार्ग पर सीवर का पानी बहने पर उन्होंने मौके पर ही ग्रेटर निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी और स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त मुकेश मूंड को जमकर लताड़ लगाई। मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां पर करीब दो सप्ताह से सीवर का पानी बह रहा है। इस पर निगम प्रशासन के पास तमाम संसाधन होने के बाद भी सीवर के पानी के सड़क पर बहने पर उन्होंने दोनों अधिकारियों से सवाल किया तो वे चुप हो गए।



### जगह-जगह मिले कचरे के ढेर

सचिव महेश चंद शर्मा ने 22 गोदाम, रामबाग, अजमेरी गेट, सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के पास, रामनिवास बाग, मालवीय नगर, मानसरोवर, न्यू सांगानेर रोड समेत कई जगह का दौरा किया। दौरे के दौरान यूडीएच सचिव शर्मा को कई जगहों पर डिपो के बाहर भी कचरे के ढेर मिले। कई जगह सीवरेज का पानी सड़क पर फैला था। इससे पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

**शिक्षा विभाग के फैसले के विरोध में आए शिक्षक**

# प्रदेश के स्कूलों को मर्ज किया तो सड़कों पर उतरकर शिक्षक जताएंगे विरोध

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के हजारों स्कूल को तय नियम के अनुसार नामांकन नहीं होने से शिक्षा निदेशालय बीकानेर ने मर्ज करने की कवायद शुरू कर दी है। सरकार के इस फैसले को लेकर शिक्षक संघों ने विरोध शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि मंगलवार को सच बेधड़क ने प्रदेश के 10 हजार 315 विद्यालय में निर्धारित मापदंड के नामांकन नहीं होने पर स्कूल मर्ज होने की खबर प्रकाशित की थी। शिक्षकों का कहना है कि पिछली सरकार में भी शिक्षा विभाग ने 20 हजार से अधिक स्कूलों को 30 बच्चों से कम नामांकन पर बंद किया गया था। ऐसे में अब इस सरकार ने भी 10 हजार स्कूल बंद कर दिए तो बेरोजगारों को रोजगार कैसे मिलेगा। शिक्षा विभाग में नई भर्तियां कैसे होगी। भर्तियों की पोस्टिंग कहां पर करेंगे।





### यह बोले विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी



> शिक्षा विभाग द्वारा 50 से कम नामांकन के स्कूल को बंद करने के लिए आदेश जारी किए हैं, जो सर्वथा अनुचित है। एक तरफ तो सरकार शिक्षा विभाग में अनेकों शिक्षकों की भर्ती के लिए बार बार कह रही है और उनकी भर्तियां भी नहीं की। अगर इतनी बड़ी संख्या में विद्यालय बंद होंगे तो स्टूडेंट्स दूरदराज क्षेत्रों में अध्ययन के लिए जाना पड़ेगा।
>
> **पवन पाण्डेय,** जिलाध्यक्ष, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, जयपुर



> बड़ी संख्या में विद्यालयों को बंद करने से दूर-दराज के गांव ढाणियों के विद्यार्थियों के अध्ययन में व्यवधान पड़ेगा। ऐसी स्थिति में उनके ड्रॉप आउट की संभावना बढ़ जाएगी। वहीं, बड़ी संख्या में शिक्षकों को भी इधर से उधर होना पड़ेगा। शिक्षक प्रवेशोत्सव में नामांकन बढ़ने को लेकर प्रयास करेंगे। ऐसे में सरकार को स्कूल मर्ज करने को लेकर फैसला बदल देना चाहिए।
>
> **महेंद्र लखारा,** महामंत्री राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)



> सरकार द्वारा अपने जन घोषणा पत्र 2018 के अनुरूप विद्यालय बंद करने/ मर्ज करने की प्रक्रिया पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। 10 हजार स्कूल बंद होने से हजारों की संख्या में शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे और लाखों में विद्यार्थियों को दूरस्थ स्थानों पर पढ़ाई करने जाना पड़ेगा। संगठन मुख्यमंत्री से मांग करता है कि इस प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए।
>
> **विपिन प्रकाश शर्मा,** प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रा. एवं मा. शिक्षक संघ



> 10 हजार विद्यालयों को मर्ज करना सरकार का गलत कदम है। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की सरकार से मांग है कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए कम नामांकन पर भी विद्यालयों को चलाया जाए। विद्यालयों पर ताला लगाना बच्चों के भविष्य पर ताला लगाने जैसा है। ये विद्यालय खोलने के प्रयास करने चाहिए ना कि मर्ज कर बन्द करने के।
>
> **डॉ. रनजीत मीणा,** प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत



> इतनी बड़ी संख्या में स्कूल मर्ज करने का प्लान तैयार किया है। इससे हजारों विद्यार्थियों की शैक्षणिक व्यवस्थाएं खराब हो जाएगी। हम विद्यालयो में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आग्रह करते हैं। यदि विद्यालय मर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जाती है तो प्रदेश भर में आंदोलन करेंगे। मर्ज करने की व्यवस्था को शिक्षा विभाग में लागू नहीं करने दिया जाएगा।
>
> **हरपाल दादरवाल,** प्रदेश अध्यक्ष राज. एकीकृत शिक्षक महासंघ

## जरूरी खबर

### दलाई लामा के जन्मोत्सव से पूर्व किया पौधरोपण



**माउंट आबू।** माउंट आबू में तिब्बतयिन समुदाय के लोगो की ओर से दलाई लामा के जन्मदिन के अवसर पर अनूठी पहल की गई। समाज के सभी महिला-पुरुषों ने वन विभाग गेस्ट हाउस के निकट पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर 6 अलग-अलग किस्म के पौधे लगाए। इस अवसर पर तिब्बतियन समुदाय के प्रमुख बूमड़ा डोलमा ने कहा कि पिछले दिनों विपरजॉय तूफान के दौरान काफी संख्या में वृक्ष धराशायी हो गए थे। इनके स्थान पर अब नए वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रयास किया गया है। दलाई लामा का जन्मदिन गुरुवार को सुबह नेपाली मार्केट में मनाया जाएगा।

### ठगी के पीड़ितों को पुलिस ने रिफंड करवाई राशि

**जोधपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में दो लोगों से ठगी कर खाते से रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने ठगी का पता लगने पर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने साइबर टीम की मदद से पीड़ितों को उनकी राशि रिफंड करवाई। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि ऑन लाइन होटलों व वेबसाइट्स पर रिव्यू व लाइक कर पैसे कमाने का लालच देकर ठगी गई 12 हजार की राशि रिफंड करवाई गई है। साइबर सैल के उपाधीक्षक हरजीराम ने बताया कि साइब टीम ने परिवादी बोरूदा निवासी कंवरीलाल के पांच हजार एवं मानवेड़ा भोजासर के दिनेश कुमार के 7 हजार रुपए रिफंड करवाए।

### अवैध देसी पिस्टल के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार



**बारां।** कोतवाली थाना पुलिस ने शहर में 2 युवकों को अवैध देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी राजकुमार ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर बुधवार को शहर के अटरू रोड स्थित एक परिसर से आरोपी शिवाजी नगर निवासी बिट्टु शर्मा उर्फ मनीष कुमार गौतम को देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे आरोपी किशनगंज के अमलावदा निवासी रोहित नागर को शाहबाद रोड से देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपियों से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ में जुटी हुई है।

---

श्रावण मास के अवसर पर शिव महापुराण कथा करने आए पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा...

# पुष्कर में पूजा-स्नान से मिलता है अश्वमेघ यज्ञ के समान का पुण्य

बेधड़क | अजमेर

श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही प्रदेश में भगवान शिव की आराधना का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में जगतपिता ब्रह्मा की नगरी भी शिवमय नजर आई। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा पुष्कर में ब्रह्म शिव महापुराण की कथा करने पहुंचे। पुष्कर के मेला मैदान में कथा प्रारंभ हुई। प्रथम दिन कथाव्यास प्रदीप मिश्रा ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की।

इसके बाद व्यासपीठ से सबसे पहले पंचाक्षर 'ओम नमः शिवाय' का जाप किया और कथा प्रसंगों पर चर्चा शुरू की। इस दौरान पंडित मिश्रा ने कहा कि एक हजार अश्वमेघ यज्ञ करवाने का जो फल मिलता है, उतना ही फल पुष्कर तीर्थ में सरोवर में स्नान और पूजा अर्चना के बाद ब्रह्मा मंदिर में दर्शन करने से मिलता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को समर्पित 24 हजार श्लोकों का महासागर है, इसमें से छोटा सा अंश लेकर प्रयास करेंगे कि भगवान शिव शंकर की अविरल भक्ति को हम पा सकें। उन्होंने कहा कि 21 हजार 600 श्वास प्रतिदिन हमारे शरीर से निकल रही है। ध्यान करें कि इसमें से कितनी श्वास हम प्रभु की भक्ति और परिवार में लगा रहे हैं।



### कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में उमड़े भक्त

कथा के पहले दिन पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इनमें महिलाएं भी खासी तादाद में मौजूद रहीं। इस दौरान जिसको जहां जगह मिली, वह कथा सुनने के लिए वहीं बैठ गया। भीषण गर्मी और जबरदस्त उमस के बावजूद लोग कथा सुनने के लिए बैठे रहे। हालांकि पांडाल में पंखों और कूलर की व्यवस्था आयोजकों की ओर से की गई है। वहीं पसीने से तरबतर होकर भी श्रद्धालु अपनी जगह छोड़ने को तैयार नहीं दिखे। पंडित मिश्रा के मंच पर आते ही आयोजक परिवार की ओर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़, पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहे।

### विष्णु ने कहा था-शिव मेरे पिता

कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान ब्रह्मा ने एक भगवान विष्णु से प्रश्न किया कि मैं आपकी नाभि से जन्मा हूं तो मेरे पिता आप हैं, लेकिन आप के पिता कौन हैं? तब भगवान विष्णु ने कहा था कि मेरे पिता महादेव हैं। इसको लेकर लोगों में चर्चा रहती है तो वह शिव पुराण, विष्णु पुराण, गर्ग संहिता, पद्म पुराण, स्कन्द पुराण या बद्री विशाल की कथा स्मरण कर लें। उसमें इसका उल्लेख मिल जाएगा।

### संसार सागर में नहीं डूबता भक्ति करने वाला

कथाव्यास पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जो शिव की आराधना करने वाला है, जो शिव तत्व में डूबने वाला है और जो भगवान शिव की शरणागति को दृढ़ करने वाला है, वह संसार सागर में कभी डूबता नहीं है। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर तस्वीर उसकी लगाओ, जिसने तुम्हारी तकदीर बदल दी है। उसी तरह अपने चित, मन, विचार, सोच और बुद्धि में उसकी शरणागति ग्रहण करो जो तुम्हारी तकदीर को बदलने का सामर्थ्य रखता है।

---

पीएम मोदी वर्चुअली रूप से जुड़कर ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

# जोधपुर-साबरमती के बीच कल से दौड़ेगी दूसरी वंदे भारत ट्रेन

अरुण हर्ष | बेधड़क

**जोधपुर।** जोधपुर को अब लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वंदे भारत ट्रेन की सौगात जल्द मिलने जा रही है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के गृह जिले जोधपुर से साबरमती के बीच राजस्थान की दूसरी वंदे भारत ट्रेन 7 जुलाई से शुरू हो जाएगी। बुधवार को इसका ट्रायल रन किया किया गया। अब 7 जुलाई को जोधपुर के मुख्य स्टेशन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली रूप से जुड़कर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। उत्तर-पश्चिम रेलवे ने इस संबंध में लगभग तैयारियां पूरी कर ली है, जिसके बाद शुक्रवार को ही रेलवे ने जोधपुर से अहमदाबाद रूट पर चलने वाली लगभग 11 ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया।

जोधपुर के भगत की कोठी से साबरमती (अहमदाबाद) के बीच वंदे भारत ट्रेन चलने से जोधपुर से साबरमती के बीच की दूरी लगभग 2 घंटे कम हो जाएगी। जोधपुर से साबरमती के बीच शुरू होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के शेड्यूल के अनुसार वंदे भारत ट्रेन जोधपुर के भगत की कोठी रेलवे स्टेशन से सुबह 6 बजे रवाना होकर दोपहर करीब 12 बजकर 5 मिनट पर साबरमती स्टेशन पर पहुंचेगी।

इस दौरान वंदे भारत ट्रेन का भगत की कोठी, पाली, फालना, सिरोही के आबूरोड, गुजरात के पालनपुर, मेहसाणा स्टेशन पर रुकते हुए साबरमती के अंतिम स्टेशन तक कुल 7 स्टेशनों पर ठहराव होगा। वही वापसी में ट्रेन साबरमती से शाम 4 बजकर 45 मिनट पर रवाना होगी और रात 10:45 बजे पर भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।

### रविवार को छोड़कर छह दिन चलेगी ट्रेन



### 800 से 1500 के बीच हो सकता है किराया

रेलवे मुख्यालय की ओर से फिलहाल वंदे भारत ट्रेन का किराया तय नहीं किया गया है, लेकिन अगर माना जाए तो संभवतया 800 से 1500 रुपए के बीच का किराया तय हो सकता है, जिसमे एग्जीक्यूटिव क्लास, रिजर्वेशन, सुपरफास्ट चार्ज, जीएसटी टैक्स और कैटरिंग के चार्ज भी शामिल होंगे। जोधपुर से साबरमती के बीच चलने वाली राजस्थान की दूसरी वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में 6 दिन सोमवार से शनिवार तक चलेगी। रविवार के दिन मेंटीनेस होने के कारण यह ट्रेन रद्द रहेगी।

### बच्चों को मिलेगा उद्घाटन रन में सफर का मौका



जोधपुर की पहली वंदे भारत ट्रेन में स्कूली बच्चों को भी उद्घाटन फेरे में सफर करने का मौका मिलेगा। मंडल रेलवे की ओर से आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को इस ट्रेन मे यात्रा कराई जाएगी। रेलवे की ओर से 11 स्कूलों में आयोजित करवाई परीक्षा में टॉप-36 विद्यार्थियों को उद्घाटन के अवसर पर ट्रेन में यात्रा का अवसर मिलेगा। इसमें बच्चों को जोधपुर से पाली तक ले जाया जाएगा।

---

श्रीगंगानगर में एसीबी की कार्रवाई

# कृषि विपणन बोर्ड का XEN एक लाख की घूस लेते गिरफ्तार



बेधड़क | श्रीगंगानगर

रिश्वतखोर कार्मिकों के खिलाफ एसीबी लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को अनूपगढ़ में राज्य कृषि विपणन बोर्ड के एक्सईएन सतीश बंसल को परिवादी से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

एसीबी के डीवाईएसपी भूपेंद्र सोनी ने बताया कि परिवादी ने सतीश बंसल के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज करवाई थी। परिवादी ने एसीबी को बताया कि सड़क निर्माण कार्य के बकाया बिलों की कुल राशि 35 लाख 83 हजार रुपए के बिलों का भुगतान करने की ऐवज में सतीश बंसल ने 2 प्रतिशत कमीशन के हिसाब से 70 हजार रुपए तथा पूर्व के बकाया कमीशन 30 हजार रुपए सहित 1 लाख रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान कर रहा है। इस पर एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया, जिसमें एक्सईएन सतीश बंसल ने 75 हजार रुपए बतौर रिश्वत ले लिए।

बुधवार को जब बाकी के 25 हजार रुपए की रिश्वत एक्सईएन परिवादी से ले रहा था तभी एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया। कार्रवाई के बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया। एसीबी के डीवाईएसपी सोनी ने बताया कि आरोपी एक्सईएन के आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि एसीबी की ओर से मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी।

---

वनकर्मियों पर हमला, दो बॉर्डर होमगार्ड घायल

# पथराव कर शिकारियों को छुड़ाने का प्रयास

बेधड़क | सवाईमाधोपुर

रणथंभौर टाइगर रिजर्व में शिकारियों की ओर से वनकर्मियों पर हमले का मामला सामने आया है। वनकर्मियों से मारपीट कर आरोपी दो शिकारियों को छुड़ा ले गए। यह घटना गुढा नाके की है, जहां पर शिकारियों ने वन विभाग की टीम पर हमला किया।



जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12:30 बजे वन विभाग की टीम गुढा नाका वन क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को मानसरोवर डेम के पास मछली पकड़ने के लिए जाल लगा हुआ दिखा तथा वहां दो व्यक्ति नजर आए। वन कर्मियों ने जब उन्हें रोकने और पकड़ने का प्रयास किया तो दोनों शिकारी सामान छोड़कर भागने लगे। इसकी सूचना वन विभाग की टीम ने उड़न दस्ते को दी। हालांकि वन विभाग की ओर से पीछा करके दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। इसके बाद जब वन विभाग की टीम आरोपियों को लेकर जंगल से बाहर आ रही थी।

इसी दौरान वन क्षेत्र के बाहर 25 से 30 लोगों की भीड़ जमा हो गई। इन लोगों ने वन विभाग की टीम पर पथराव कर आरोपियों को छुड़ाने का भी प्रयास किया। इस पथराव में वन विभाग के दो बॉर्डर होमगार्ड चोटिल हो गए। दोनों बॉर्डर होमगार्ड रमेश व धर्मेंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धर्मेंद्र के सिर में पांच टांके आए हैं और रमेश के छाती में चोट आई है। दोनों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं पथराव में उड़नदस्ते का सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में वन विभाग की टीम ने दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस के सौंप दिया है, जिनके बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है।

---

बूंदी जिले के केशवरायपाटन थाना क्षेत्र का मामला

# ट्रेन के आगे कूद प्रेमी-युगल ने दी जान, सदमे में पिता फंदे से लटका

बेधड़क | बूंदी

जिले में बेटी के घर से प्रेमी के संग भाग जाने की जानकारी मिलने पर पिता ने सदमे में फंदे से लटक कर खुदखुशी कर ली। इस बात की जानकारी मिलने पर बेटी ने भी प्रेमी के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि केशवरायपाटन पुलिस थाना क्षेत्र में मंगलवार को यह घटना हुई। युवती के पिता ने सोमवार को बेटी को घर से गायब पाने के बाद उसके प्रेमी के साथ फरार होने के डर से मंगलवार को पंखे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने कहा कि प्रेमी युगल की पहचान बूंदी जिले के दबलाना पुलिस थाना क्षेत्र के तलेरा कस्बा निवासी नवल किशोर गौतम (30) और ठिकरदा गांव की योगिता कंवर (20) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त दिलीप मीणा ने बताया कि नवल किशोर बूंदी की अनाज मंडी में काम करता था और योगिता के घर अकसर आता था। केशवरायपाटन पुलिस स्टेशन के प्रभारी लोकेंद्र पालीवाल ने बताया कि प्रेमी युगल बाइक पर गुडला रेलवे स्टेशन पहुंचा और वहां दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन पर आ रही ट्रेन के सामने कूद गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शवों को बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिए। युवक और युवती के बीच प्रेम-प्रसंग की बात सामने आई है। उपायुक्त मीणा ने बताया कि योगिता के पिता ने समाज में बदनामी के डर से आत्महत्या कर ली।

---

श्रीडूंगरगढ़ : नाबालिग के अपहरण का मामला

# महिला टीचर व नाबालिग को चेन्नई से किया बरामद

बेधड़क | बीकानेर

जिले के श्रीडूंगरगढ़ कस्बे से शनिवार को लापता हुई 17 वर्षीय लड़की और उसकी शिक्षिका को चेन्नई में स्थानीय पुलिस की मदद से बरामद कर लिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लड़की और उसकी शिक्षिका ने एक ऑनलाइन वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें वे एक दूसरे से प्यार करने की बात कहते हुए साथ रहने की इच्छा जता रही हैं।

बीकानेर पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस दल ने लोकेशन के आधार पर दोनों का पीछा किया तथा स्थानीय पुलिस की मदद से बुधवार को दोनों को चेन्नई में ढूंढ निकाला। उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस दल उनका पीछा कर रहा था।



तमिलनाडु पहुंचने से पहले वे केरल में थे। वे चेन्नई में एक स्थान पर मिले। बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ कस्बे के एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली 17 वर्षीय लड़की 1 जुलाई को लापता हो गई थी, वहीं उसी स्कूल की करीब 21 साल की शिक्षिका निदा बहलीम भी लापता थी। बाद में छात्रा के परिजनों ने आरोप लगाया कि शिक्षिका ने छात्रा का अपहरण कर उसको गुमराह किया है। उन्होंने इसे 'लव जिहाद' का मामला बताते हुए श्रीडूंगरगढ़ थाने के बाहर धरना शुरू कर दिया। नाबालिग के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने शिक्षिका, उसके पिता और दो भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 4 मिनट का वीडियो किया पोस्ट

सोमवार को सोशल मीडिया पर चार मिनट का एक वीडियो सामने आया, जिसमें नाबालिग लड़की यह कहती नजर आ रही है कि वे अपनी मर्जी से गए हैं और एक-दूसरे से प्यार करती हैं। वीडियो में लड़की ने दावा किया, 'हम समलैंगिक हैं और किसी और से विवाह नहीं कर सकते, इसलिए हमने घर से भागने का फैसला किया। अगर आप हमें पकड़ते हैं तो हमारी जिंदगी खत्म हो जाएगी। उनके (शिक्षिका के) परिवार के खिलाफ मामला दायर न करें। अपहरण का मामला गलत है। मैं कोई छोटी बच्ची नहीं हूं जिसे किसी बहकावे में आकर बहलाया-फुसलाया जा सके।' वीडियो में दोनों किसी अज्ञात स्थान पर एक साथ नजर आ रही हैं।

### बेवजह दंगे मत करो हम खुश हैं

वीडियो में शिक्षिका ने कहा, 'बेवजह दंगे मत करो... हम बहुत सुरक्षित हैं, हम बहुत खुश रहेंगे, हमें छोड़ दो।' पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि सोशल मीडिया पर वीडियो कहां से अपलोड किया गया इसकी तकनीकी जांच की जा रही है। वीडियो में शिक्षिका ने यह भी कहा कि उसने लड़की को नहीं बहकाया और उनके एक साथ घर छोड़ने के पीछे उसके परिवार की कोई भूमिका नहीं थी। उधर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मामला वीडियो से खत्म नहीं होता क्योंकि लड़की नाबालिग है। उन्होंने आरोप लगाया कि मासूम लड़कियों का 'ब्रेनवॉश' किया जा रहा है और वे मामले को विधानसभा में उठाएंगे।

---

# खदान में नहाने में उतरे दो दोस्तों की डूबने से मौत



बेधड़क | सीकर

जिले के दांतारामगढ़ क्षेत्र में खदान में नहाने गए दो युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने दोनों के शव बाहर निकाले। पुलिस ने शवों को हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। दांतारामगढ़ थानाधिकारी सोहनलाल ने बताया कि सुरेरा गांव के रहने वाले नवीन (18) और अजय (18) दोनों गांव से राजल्या गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर पहाड़ी के पास खदान की तरफ गए थे। वे यहां नहाने के लिए खदान में उतर गए और इसी दौरान डूब गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अजय और नवीन अपने एक साथी के साथ शाम को नहाने के लिए खदान में गए थे। इसी दौरान नवीन का पैर फिसला, तो अजय ने उसको बचाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पानी में डूब गए। घटना के बाद गांव में शोक की लहर छा गई।

**अचीवमेंट:** जयश्री पेरीवाल स्कूल के 16 वर्षीय अहान शाह 'द डायना अवॉर्ड' से सम्मानित

# हर आवाज सुनी जा सके, इसलिए अहान ने बनाया 'साइनक्राफ्ट'

**बेधड़क** | जयपुर

मूक व बधिर लोगों की जिंदगी अपने जैसे लोगों के बीच तो साइन लैंग्वेज की समझ के कारण सामान्य होती है लेकिन सामान्य लोगों के बीच जाने पर इनका जीवन परेशानियों से भर जाता है।

सुनने और बोलने में अक्षम लोगों की इस परेशानी ने 16 वर्षीय छात्र अहान शाह को इतना परेशान किया कि उन्होंने इस समस्या को दूर करने के लिए एक हैंडहेल्ड डिवाइस 'साइनक्राफ्ट'



बनाया है। यह डिवाइस इशारों को शब्दों में और बोले गए शब्दों को लिखित टैक्स्ट में ट्रांसलेट करता है, जिससे सुनने में सक्षम और अक्षम लोग बिना किसी बाधा के एक दूसरे से आसानी से बातचीत कर सकते हैं।

इस इनोवेशन के लिए जयश्री पेरीवाल स्कूल के स्टूडेंट अहान को 'द डायना अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस अवॉर्ड के लिए एक कठोर नामांकन प्रक्रिया के माध्यम से नॉमिनी को विजन, सामाजिक प्रभाव, प्रेरणा, यूथ लीडरशिप और सर्विस जर्नी जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में अपने प्रभाव को दर्शाना होता है।



## वर्कशॉप्स से फैला रहे जागरुकता

अहान ने बताया कि भारत सरकार 'इंडियन साइन लैंग्वेज' को बढ़ावा दे रही है, लेकिन प्रभावितों के माता-पिता और करीबी रिश्तेदारों को इसका औपचारिक प्रशिक्षण नहीं मिल पाता। इससे अधूरे संचार का एक चक्र कायम हो जाता है, जिससे उन्हें सामाजिक अलगाव और आर्थिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को टैक्नोलॉजी और मानवीय संवेदना से दूर किया जा सकता है, ताकि हर आवाज़ को सुना जा सके और हर दिल को समझा जा सके। अहान प्रजेंटेशंस और वर्कशॉप्स के माध्यम से इन बाधाओं को तकनीक के उपयोग से दूर करने के लिए जागरूकता बढ़ाने का प्रयास भी कर रहे हैं।

## Yuva स्टोरीज



**बच्चों ने जताई शिक्षकों के प्रति श्रद्धा |**
**जयपुर।** सीतापुरा स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर हुई विशेष प्रार्थना सभा के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त की। बच्चों ने गीत, नृत्य, भजन, कविताओं व मंत्रों का जाप किया। गुरुओं के महत्व पर चर्चा कर गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू जयदीप ने छात्रों के प्रयासों व प्रस्तुतियों को सराहा।

**JLO के 140 पदों पर होगी भर्ती |**
**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने कनिष्ठ विधि अधिकारी (JLO) के 140 पदों के लिए भर्ती निकाली है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत नॉन टीएसपी क्षेत्र के 134 व टीएसपी क्षेत्र के 6 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए कैंडिडेट 10 जुलाई से 9 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा में सलेक्शन एग्जाम और इंटरव्यू के आधार पर होगा। इस परीक्षा के लिए आयु सीमा 1 जनवरी 2024 को न्यूनतम 21 व अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित है। परीक्षा इसी वर्ष अक्टूबर में करवाया जाना संभावित है।



**नन्हे बच्चों ने एंजॉय की बेबीज डे आउट |**
**जयपुर।** किड्स जोन स्कूल में बुधवार को बच्चों के लिए समर वेकेशन की छुट्टियों के बाद मूवी टाइम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के लिए बेबीज डे आउट मूवी का शो ऑर्गनाइज किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने इस दौरान पॉपकॉर्न के साथ मूवी को एंजॉय किया। इस मौके पर एक्सपर्ट्स ने बच्चों को मूवी के दौरान विभिन्न परिस्थितियों में रिएक्ट करने के हुनर भी सिखाए। मूवी के दौरान बच्चों ने जमकर एंजॉय किया और पूरा ऑडिटोरियम नन्हें मुन्नों की किलकारियों से गूंजता नजर आया। इस मौके पर प्रिंसिपल श्वेतिका कपूर ने बच्चों के साथ समय बिताया एवं उन्हें विभिन्न एक्टिविटीज के बारे में बताया।

# असि. प्रोफेसर के लिए अब NET, SET या SLET पास होना जरूरी




**बेधड़क** | जयपुर

यूनिवर्सिटी, कॉलेज सहित सभी हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए अब NET, SET या SLET पास करना जरूरी होगा।

पीएचडी उपाधि इसके लिए वैकल्पिक पात्रता रहेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बुधवार को एक सभी उच्च शैक्षणिक शिक्षा संस्थानों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता मानदंड तय कर दिए हैं। यूजीसी की ओर से जारी नोटिफिकेशन में NET, SET या SLET को असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए न्यूनतम योग्यता निर्धारित किया है। यह नया नियम 1 जुलाई 2023 से लागू माना जाएगा। यूजीसी के पुराने नियमों के मुताबिक कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज, लॉ, सोशल साइंसेस, साइंस, लैंग्वेज और फिजिकल एजुकेशन से सम्बन्धित विषयों में सहायक प्रोफेसर भर्ती के लिए उम्मीदवारों का सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ पीजी और यूजीसी नेट या यूजीसी-सीएसआईआर नेट या SET/SLET परीक्षा पास होना जरूरी था।

### नियमों में पुराना बदलाव हुआ रद्द

इस विनियमन को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दूसरा संशोधन विनियमन-2023 कहा जायेगा। इसके साथ ही 2021 में किए गए नियुक्ति संबंधी बदलाव रद्द कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में यूजीसी ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रवेश स्तर के पदों पर नियुक्ति के मानदंड तय किए थे। इनमें छात्रों को पीएचडी पूरा करने के लिए तीन वर्ष का समय दिया था। 2021 में भर्ती के लिए पीएचडी को न्यूनतम अर्हता के रूप में लागू करने की तिथि को जुलाई 2021 से बढ़ाकर जुलाई 2023 कर दिया था।

**सीए फाइनल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी**

# हार्डवर्क और फोकस से चमके हमारे CA स्टार्स

**बेधड़क** | जयपुर

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) ने सीए फाइनल व इंटरमीडिएट-2023 का रिजल्ट बुधवार को घोषित कर दिया। इस बेहद कठिन मानी जाने वाली फाइनल परीक्षा में जयपुर के तीन स्टूडेंट्स ने ऑल इंडिया टॉपर लिस्ट में जगह बनाई है। विशेष काबरा देशभर में 33वें, प्रिया अग्रवाल 42वें व आयुष कटारिया 44वें स्थान पर रहे हैं। इंटरमीडिएट में जयपुर की हर्षिका खंडेलवाल को देशभर में 16वीं रैंक मिली है वहीं प्रणव धूत 21वें स्थान पर रहे हैं। टॉपर स्टूडेंट्स आईसीएआई के जयपुर कार्यालय पर पहुंचे और सफलता को सेलिब्रेट किया।




### ये हैं सीए फाइनल अचीवर्स

**विशेष काबरा, AIR 33**



मैने सिर्फ पास होने का सोचा था लेकिन लक बाई चांस रैंक भी आ गई। मैने सीए परीक्षा में सफलता के लिए कठोर परिश्रम किया है। मैं सोशल मीडिया से दूर रहा। पापा, चाचा और दो बड़ी बहनें सीए हैं जिनके सहयोग से फर्स्ट अटैम्प्ट में मुझे सफलता मिल गई।

**प्रिया अग्रवाल AIR 42**



पास होने की उम्मीद थी। लेकिन फाइनल में रैंक के साथ पास होने से गर्व की अनुभूति हो रही है। मैने परीक्षा के लिए रोजाना 10 घंटे तैयारी की। परिवार के सदस्यों से ज्यादा टच में रहती थी जिससे स्ट्रेस हावी नहीं हो पाया।

**आयुष कटारिया AIR 44**



मैनें 2018 में सीए बनने का सफर शुरू किया था, जो आज पूरा हुआ तो बहुत खुशी हो रही है। इसके लिए मैनें लगातार तैयारी की है। लगातार कोर्स रिवीजन, मानसिक रूप से फोकस बनाए रखना और परिजनों के सहयोग से मैनें यह उपलब्धि हासिल की है।

### और इन्होंने इंटरमीडिएट में गाड़े झंडे

**हर्षिका खंडेलवाल AIR 16**



जब मैनें सीए इंटरमीडिएट शुरू किया था तब से ठान लिया था कि मुझे रैंक तो चाहिए ही चाहिए। पहले दिन से लगातार तैयारी शुरू की थी और परीक्षा के अंतिम दिन तक तैयारी की। कोचिंग के बाद में सोशल मीडिया का उपयोग बिलकुल बंद कर दिया था। पढ़ने से ज्यादा मॉक टेस्ट दिए और लगातार रिवीजन करती रही। वहीं पुराने पेपर्स का अध्ययन करने के साथ एक प्रॉपर प्लान के साथ तैयारी की।

**प्रणव धूत AIR 21**



सीए जर्नी में रैंक का कभी नहीं सोचा था। सुबह भी रिजल्ट में केवल पास होने का देखा था। परीक्षा के दौरान मैने कड़ी मेहनत और फोकस के साथ तैयारी की। परीक्षा के बाद हर दिन गोविन्द देव जी के मंदिर जाता था, आज उन्होंने मुझे सफलता का आशीर्वाद दे दिया। सफलता का श्रेय माता पिता और दादी को देना चाहूंगा। स्टूडेंट्स को तैयारी के दौरान नियमित रहना चाहिए, यही सफलता की कुंजी है।



**न्यू टैक्नोलॉजी**

# एमजेआरपी यूनिवर्सिटी में हाईटेक कम्युनिकेशन लैब की शुरूआत



**बेधड़क** | जयपुर

महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय में बुधवार को हाईटेक कम्युनिकेशन और टेक लैब का शुभारंभ किया गया। आधुनिक मशीनों से सुसज्जित लैब का उद्घाटन एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार और स्टूडेंट्स ने फीता काटकर किया। निर्मल पंवार ने बताया कि इस तरह की कम्युनिकेशन लैब देश की पहली हाईटेक और बेहतरीन लैब है। करीब 10 लाख की लागत से तैयार लैब में स्टूडेंट्स को अंग्रेजी में उच्चारण और स्किल डवलप करने का मौका मिलेगा। इस लैब में पढ़ने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे किसी भी मंच पर अपने विचारों को साझा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के स्टूडेंट्स इस लैब का लाभ उठाकर अंग्रेजी भाषा का उच्चारण सुधार सकेंगे। विज्ञान एवं तकनीक की मदद से भाषा के उच्चारण में सुधार लाने के लिए इस कम्युनिकेशन लैब का निर्माण किया गया है। हेड फोन या ईयर फोन के जरिए छात्रों को भाषा का सही उच्चारण सीखने में मदद मिलेगी। अंग्रेजी सॉफ्टवेयर के विभिन्न लेसन्स के माध्यम से स्टूडेंट्स को बोलना और लिखना सिखाया जाएगा।

### ऐसे काम करेगी यह लैब

लैब में विशेष सॉफ्टवेयर और स्पीच साउंड के लिए कई तरह के उपकरण जुड़े हुए हैं। उपकरण के माध्यम से बोलने पर शब्द का उच्चारण और बोलने के एक्सेंट में कमी को प्रदर्शित किया जाता है। इस आधार पर इंस्ट्रक्टर स्टूडेंट्स को यह कमी दूर करने के लिए उच्चारण का विशेष अभ्यास कराते हैं।

**मिशन एडमिशन** | इंजीनियरिंग के साथ नॉन इंजीनियरिंग कोर्सेज के लिए भी रुझान

# JECRC के 57% नए छात्रों को मिली स्कॉलरशिप

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश ले रहे स्टूडेंट्स में से 57 फीसदी से अधिक स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप मिली है। यूनिवर्सिटी की ओर से 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप दी जाती है।



यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने बताया कि जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए टॉपर्स विशेष रुचि दिखा रहे हैं। इंजीनियरिंग में औसतन 78 प्रतिशत से अधिक मार्क्स वाले स्टूडेंट्स ने दाखिला लिया है। वहीं पत्रकारिता, हॉस्पिटैलिटी, डिजाइन, ह्यूमनिटीज और लॉ जैसे नॉन-इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स के अंकों का औसत भी 72 फीसदी से अधिक है। ऐसे में 57 प्रतिशत से अधिक नव प्रवेशित छात्रों को यूनिवर्सिटी की स्कॉलरशिप का फायदा मिल चुका है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में राजस्थान के साथ ही देश के 28 राज्यों के स्टूडेंट्स ने अब तक एडमिशन लिया है।

### 2050 का प्लेसमेंट, 6.5 एवरेज LPA

अग्रवाल ने बताया कि यूनिवर्सिटी के 2022-23 सत्र में अब तक 2050 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट हो चुका है। इनमें से 85 फीसदी को ऑफर लेटर मिल चुके हैं। औसत पैकेज 6.5 लाख रुपये का है। पांच साल के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक 10 हजार से अिधक प्लेसमेंट हो चुके हैं। कैंपस रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग के दौरान स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स के द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही, दुनिया के बेस्ट एचआर लीडर्स स्टूडेंट्स की मेंटरिंग करते हैं। इसके चलते न सिर्फ इंजीनियरिंग बल्कि नॉन-इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को भी बेहतरीन पैकेज मिले हैं। अमेजन, एचपी, आईबीएम, सेल्सफोर्स, रामबाग पैलेस, फेयरमॉन्ट, हयात रिजेंसी, फोनिक्स लीगल, लॉ ऑरबिट, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर व टाइम्स ऑफ इंडिया जैसी कंपनियों में विद्यार्थियों का अच्छे पैकेज पर चयन हुआ है।

### राजनीतिक घरानों में सत्ता का संघर्ष

# विरासत की लड़ाई में टूटती पार्टियां



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका



*संजय गांधी का विमान हादसे में निधन हो गया। जब संजय गांधी का उत्तराधिकारी तलाश करने का समय आया तो इंदिरा गांधी ने अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को आगे किया। उस समय संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी यह आस लगाए बैठी थीं कि शायद वे संजय गांधी की उत्तराधिकारी बनाई जाएंगी। परन्तु जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने अंततोगत्वा पार्टी व परिवार दोनों से विद्रोह का रास्ता अख्तियार किया। अभी तक मेनका गांधी कांग्रेस पार्टी और अपने गांधी नेहरू परिवार से अलग अपनी पहचान बनाकर राजनीति में सक्रिय हैं।*

राजनीतिक विरासत की दावेदारी को लेकर पारिवारिक घमासान की खबरें तो स्वतंत्रता के बाद ही उसी समय आनी शुरू हो चुकी थीं, जब देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू अपनी इकलौती बेटी इंदिरा प्रियदर्शिनी को साथ लेकर देश विदेश की यात्राओं पर जाया करते थे। वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेताओं और राष्ट्राध्यक्षों से उनका परिचय कराते और उन्हें राजनीति के दांव पेच सिखाते। नेहरू जी ऐसा इसीलिए करते थे ताकि उनकी राजनीतिक विरासत उनकी इकलौती बेटी इंद्रा संभाल सके। परंतु उसी समय नेहरू की बहन व स्वतंत्रता सेनानी विजय लक्ष्मी पंडित के अंतर्मन में भी नेहरू की विरासत संभालने की मनोकामना पनप रही थी।

नेहरू के बाद इंदिरा व उनकी बुआ विजय लक्ष्मी पंडित के परस्पर मतभेदों के भी कई किस्से सामने आते रहते थे। परंतु यह देश का सर्वोच्च राजनीतिक घराना था इसलिए अपनी सूझ-बूझ से इस पारिवारिक मतभेद को उसने ज्यादा उभरने नहीं दिया। विजय लक्ष्मी पंडित को कभी राज्यपाल, कभी राजदूत तो कभी संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष जैसे पदों पर नियुक्त कर कराकर पारिवारिक मतभेदों को ज्यादा उभरने का मौका नहीं दिया, परंतु यही परिवार राजनीतिक विरासत की दावेदारी को लेकर उस समय बिखर गया जब इंदिरा गांधी द्वारा अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किए जा रहे उनके छोटे बेटे संजय गांधी की विमान हादसे में निधन हो गया। जब संजय गांधी का उत्तराधिकारी तलाश करने का समय आया तो इंदिरा गांधी ने अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को आगे किया। उस समय संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी यह आस लगाए बैठी थीं कि शायद वे संजय गांधी की उत्तराधिकारी बनाई जाएंगी, परंतु जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने अंततोगत्वा पार्टी व परिवार दोनों से विद्रोह का रास्ता अख्तियार किया। अभी तक मेनका गांधी कांग्रेस पार्टी और अपने गांधी नेहरू परिवार से अलग अपनी पहचान बनाकर राजनीति में सक्रिय हैं।

*कुछ ही दिन पहले स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि-'एनसीपी सबसे भ्रष्ट पार्टियों में से एक है और उनके नाम 73,000 करोड़ का घोटाला है।' परन्तु अब एनसीपी के उन्हीं कथित भ्रष्ट नेताओं से हाथ मिला लिया गया है। जिन नेताओं को भ्रष्ट बताया गया था, उन्हीं के साथ केवल हाथ ही नहीं मिलाया गया, बल्कि उन्हें मंत्रिमंडल में भी शामिल कर लिया गया है। अजित पवार सहित एनसीपी के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार विरोधी मामले चल रहे हैं।*

वैसे ही हालात इन दिनों महाराष्ट्र की राजनीति में देखने को मिल रहे हैं। पिछले दिनों महाराष्ट्र में शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में हुआ विभाजन भी दरअसल पार्टी विरासत को लेकर उभरे मतभेदों परिणाम नजर आ रहा है। शरद पवार भी पार्टी की विरासत को अन्य नेताओं की ही तरह अपनी बेटी सांसद सुप्रिया सुले को ही सौंपना चाहते थे। जून में सुप्रिया सुले को एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर उनके आगे आने का रास्ता भी साफ किया गया। जाहिर है यह बात उनके भतीजे व वरिष्ठ एनसीपी नेता अजित पवार उन्हें रास नहीं आई, जबकि वे महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता से लेकर प्रदेश के कई बार उपमुख्यमंत्री तक के पदों पर रह चुके हैं। आखिरकार पिछले दिनों लंबे समय से एनसीपी में बगावत की यह चिंगारी उस समय धधक उठी, जब महाराष्ट्र की भाजपा-शिवसेना सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री के तौर पर शामिल हो गए और पार्टी के नौ विधायकों के साथ पार्टी से अलग हो गए। महाराष्ट्र में ही इससे पहले बाल ठाकरे की विरासत की दावेदारी को लेकर शिवसेना बाल ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे व भतीजे राज ठाकरे के बीच विभाजित हो चुकी है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुलायम सिंह यादव परिवार में अखिलेश यादव व शिवपाल यादव यानी चाचा भतीजे के बीच मतभेद उभरते रहे हैं। हरियाणा में चौधरी देवीलाल परिवार में या फिर उनके बाद ओम प्रकाश चौटाला के बेटों अजय व अभय चौटाला के बीच विरासत की रस्साकशी होती देखी गई। दशकों पूर्व आंध्र प्रदेश में एनटी रामाराव की विरासत को लेकर बेटी दामाद के बीच विरासत की जंग हो चुकी है। लालू यादव परिवार में भी तेजस्वी यादव को उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव अक्सर आंखें दिखाते रहते हैं। बिहार में ही जिस लोक जनशक्ति पार्टी का जनाधार बड़ी मुश्किल और मेहनत से रामविलास पासवान ने तैयार किया था, उनकी मृत्यु के कुछ ही दिनों बाद उनके भाई पशुपति कुमार पारस ने भाजपा की चाल में आकर केंद्रीय मंत्री पद की लालच में उनकी विरासत पर जबरन कब्जा कर लिया और लोजपा का विभाजन कर दिया, जबकि रामविलास अपने बेटे चिराग पासवान को अपना राजनीतिक वारिस के रूप में तैयार कर रहे थे।

दूसरी तरफ कश्मीर में गोविंद बल्लभ पंत परिवार, जगजीवन राम, शेख अब्दुल्ला व फारूक अब्दुल्ला परिवार या मुफ्ती सईद परिवार अथवा हिमाचल के प्रेम कुमार धूमल परिवार में या फिर पंजाब के प्रकाश सिंह बादल परिवार, राजेश पायलट परिवार या चौधरी चरण सिंह जैसे दर्जनों परिवार ऐसे भी हैं जहां नेताओं की राजनीतिक विरासत शांतिपूर्ण तरीके से उनके वारिसान को हस्तानांतरित हुई है। इसका कारण यही था कि या तो राजनीतिक वारिस के रूप में नेताओं के सामने उनकी इकलौती संतान थी या फिर परिवार के अन्य सदस्यों की राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं थी, अन्यथा क्या भाई तो क्या पत्नी या बेटी या दामाद अथवा भतीजे सभी रिश्ते राजनीतिक विरासत संभालने के मुद्दे पर कई बार तार तार होते दिखाई दिए हैं।

हां, पिछले कुछ वर्षों से भारतीय जनता पार्टी द्वारा जहां मंत्री अथवा अन्य उच्च पदों की लालच देकर क्षेत्रीय पार्टियों को समाप्त या कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जैसे बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के साथ की गई, उसी तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों का भय दिखाकर भी भ्रष्टाचार के आरोपी अनेक नेताओं को भी भाजपा द्वारा अपने साथ जोड़ा जा रहा है। कुछ ही दिन पहले स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि-'एनसीपी सबसे भ्रष्ट पार्टियों में से एक है और उनके नाम 73,000 करोड़ का घोटाला है।' परंतु अब एनसीपी के उन्हीं कथित भ्रष्ट नेताओं से हाथ मिला लिया गया है, जिन नेताओं को भ्रष्ट बताया गया था, उन्हीं के साथ केवल हाथ ही नहीं मिलाया गया, बल्कि उन्हें मंत्रिमंडल में भी शामिल कर लिया गया है। इस समय अजित पवार सहित प्रफुल पटेल, छगन भुजबल, आदित्य सुनील तटकरे व हसन मुशरीफ जैसे एनसीपी छोड़ने व भाजपा सरकार से हाथ मिलाने वाले नेता ऐसे हैं जिन पर भ्रष्टाचार विरोधी मामले चल रहे हैं या वे ईडी के निशाने पर हैं।

पहले भी भाजपा ने नारद स्टिंग कांड में शुभेंदु अधिकारी को कैमरे पर पैसे लेते देखे जाने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। गोया राजनीतिक दलों को जहां विरासत की दावेदारी तोड़ रही है वहीं नई 'भ्रष्टाचारियों को राहत' योजना के तहत भी या तो पार्टियां तोड़ी जा रही हैं या भ्रष्टाचारी नेताओं को अपने साथ जोड़ा जा रहा है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**व्यंग्य**

## महंगाई पर तुच्छ चिंतन



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

अव्वल तो महंगाई शब्द ही अपने आप में इतना तुच्छ है कि इस पर चिंतन करना अपनी कद्र गिराना है। चलिए, एक आम आदमी की कद्र वैसे भी कहां, यह सोचकर मैं इस पर चिंतन कर लेता हूं। लेकिन यह सवाल भी लाजमी है कि यह काम तो सरकार का है, वह करे चिंतन। एक न्यूज चैनल पर सत्ता पक्ष की पार्टी के एक प्रवक्ता ने जब चीख-चीखकर कहा कि सरकार महंगाई पर चिंतन कर रही है तो मैं आश्वस्त हो गया।

महंगाई पर अपना चिंतन थोड़े समय के लिए टाल दिया, क्योंकि सरकार इस विषय पर चिंतन कर रही थी। दो लोग एक ही बात को लेकर अपना दिमाग खपाएं, यह ठीक नहीं। फिर सरकार जो काम कर रही है, वह काम आप भी करने लगें तो सरकार और आप में फर्क ही कहां रह जाएगा। यह तो सरकार से मुकाबला करने वाली बात हुई। बीस-पच्चीस दिनों तक मैं देश की अन्य समस्याओं पर चिंतन करता रहा, यह सोचकर कि महंगाई पर तो सरकार कर ही रही है। महीने भर बाद यह जानकर मुझे धक्का लगा कि सरकार तो ऐसा कर ही नहीं रही। चिंतन करने की बात तो दूर, वह यह मानने को भी तैयार नहीं कि महंगाई जैसी कोई चीज भी इस देश में है और वह लोगों को सता रही है। मैंने उस पार्टी-प्रवक्ता को लानतें भेजीं, जिसने मुझे महंगाई जैसी तुच्छ समस्या पर चिंतन करने से रोक लिया था। बाद में पता चला कि सरकार जिसे चिंतन कह रही थी, वह तो जुमला मात्र था। उसे तो पता ही नहीं कि महंगाई बढ़ भी रही है।

सरकार कब मजाक करने लगे और कब गंभीरता पर उतारू हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। सरकारी चिंतन की अपनी सीमाएं होती हैं। महंगाई है, इस बात पर एकाएक वह कैसे विश्वास कर ले। सरकार महज इसलिए तो स्वीकार नहीं कर लेगी कि जनता बढ़ती महंगाई को लेकर परेशान है। पहले वह पता लगाएगी कि वाकई महंगाई बढ़ रही है या जनता बेवजह ही हाय-तौबा मचा रही है। परंतु सरकार के घर देर है, अंधेर नहीं। इस बात का पता तब चला जब सरकार ने महंगाई पर चिंतन के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर दी। वह कमेटी तीन माह तक चिंतन करेगी कि क्या सच्ची-मुच्ची महंगाई बढ़ रही है या जनता यूं ही खाली-पीली मजाक कर रही है।

सरकार तो कन्फ्यूज्ड थी ही, अब मैं सरकार से भी ज्यादा कन्फ्यूज्ड था कि महंगाई पर अपना चिंतन करूं या नहीं। पर जब सरकारी कमेटी तीन माह में महंगाई पर अपनी रिपोर्ट दे देगी तो मेरा चिंतन करना ठीक नहीं रहेगा, यह सोचकर मैंने चिंतन स्थगित कर दिया। तीन माह बीतते-बीतते सरकार को पता चला कि महंगाई का मुद्दा तो उड़ाया हुआ है। सरकार का चिंतन तुच्छ साबित हुआ। परंतु यह सब होने के बाद जनता के बीच यह संदेश नहीं जाना चाहिए कि महंगाई के मुद्दे पर सरकार कुछ कर नहीं रही और चुप बैठ गई है।

ज्ञात हुआ है कि महंगाई पर जो थोड़ा-बहुत चिंतन हुआ है उससे सरकार ने निष्कर्ष निकाला है कि महंगाई पर चिंतन के लिए एक विशेषज्ञ कमेटी की जबरदस्त आवश्यकता है। यानी महंगाई पर तुच्छ चिंतन रुका नहीं है, वह चलता रहेगा। लेकिन मैंने इस बार अपना चिंतन स्थगित नहीं किया। उसे भाड़ में फेंका और महंगाई की हिचकोले खाती नाव में सवार हो गया।



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
**@narendramodi**
भारत एक बार फिर बना चैंपियन ! #SAFF-Championship2023 में ब्लू टाइगर्स का दबदबा ! हमारे खिलाड़ियों को बधाई।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
बस आने वाली है घड़ी, इनामों की लगेगी झड़ी।

**यादों की पोटली से...**

# कहा जाता है 'जो दिखता है वो बिकता है...' पर ऐसा है नहीं!



मुकुल गोस्वामी,
लेखक आकाशवाणी व दूरदर्शन कमेंटेटर, खिलाड़ी और प्रसारणकर्मी हैं

*'क्या कारण है कि आपकी विश्व प्रसिद्ध एजेंसी अपने मीडिया प्लान में दूरदर्शन और आकाशवाणी को अधिकतम पहुंच होने के बावजूद कम स्थान या बजट देती है। क्या ये विज्ञापन दाता के पैसे का दुरुपयोग नहीं है? या उसको आप लोग छल नहीं रहे? ज्यादा दिखने का सिद्धांत कहां लागू है?' मैंने प्रश्न दाग दिया।*

बाजार में एक अवधारणा बहुत प्रसिद्ध है कि जो दिखता है वो बिकता है। फिल्म इंडस्ट्री से लेकर विज्ञापन की दुनिया का ये मूल आधार है, पर मेरा अनुभव कुछ विलग रहा। निरमा इंस्टीट्यूट अहमदाबाद में एक मार्केटिंग कोर्स की बात है। भारत की दिग्गज विज्ञापन कंपनी के उच्चाधिकारी उद्बोधन के लिए पधारे थे। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर गहरी चर्चा चल रही थी। तब प्रसार भारती व्यावसायिकता ओढ़ने की शुरुआत में था और मार्केटिंग विभाग भी बन चुका था। रामायण, महाभारत जैसे सीरियल दूरदर्शन पर धूम मचा रहे थे, और पहुंच के मामले में आकाशवाणी और दूरदर्शन के सामने सोनी या स्टार प्लस कहीं आसपास भी नहीं थे, पर विज्ञापन आय के मामले में वो दूरदर्शन से मीलों आगे थे।

कारण समझ से परे था। जैसे ही उस मार्केटिंग मसीहा ने कहा " जो दिखता है वो बिकता है" मैंने अपना हाथ खड़ाकर दिया। 'क्या कारण है कि आपकी विश्व प्रसिद्ध एजेंसी अपने मीडिया प्लान में दूरदर्शन और आकाशवाणी को अधिकतम पहुंच होने के बावजूद कम स्थान या बजट देती है। क्या ये विज्ञापन दाता के पैसे का दुरुपयोग नहीं है? या उसको आप लोग छल नहीं रहे? ज्यादा दिखने का सिद्धांत कहां लागू है?' मैंने प्रश्न दाग दिया। उत्तर के रूप में कुछ क्षण का सन्नाटा था।




"ये एक व्यक्तिगत संस्थागत प्रश्न है और मैं इसका उत्तर आपको सेशन के बाद व्यक्तिगत दूंगा।" सेशन खत्म होते ही वो पतली गली से निकलने का प्रयास करते नजर आए। " मुझे एक अर्जेंट मीटिंग में जाना है प्लीज एक्सक्यूज मी।" सर मुझे उत्तर चाहिए, मैं आपके साथ गाड़ी में चलता हूं वापस टैक्सी से आ जाऊंगा पर प्लीज हम मार्केटिंग के लोग बहुत बेचैन हैं। हमें मार्गदर्शित करें।

'ये सत्य है कि जो दिखता है वो बिकता है पर ये भी सत्य है कि कुछ चींजे दिखने के बाद भी नहीं बिक पातीं, उनमें से दूरदर्शन और आकाशवाणी हैं।" 'पर क्यों?" 'क्योंकि ये सत्य हम ग्राहक को दिखाते ही नहीं हैं। आपको क्या लगता है कि दूरदर्शन और आकशवाणी के 15% ईमानदारी से दिए गए कमीशन की बदौलत हमारी हाथी जैसी तनख्वाह और एजेंसी चल पाएगी? पूरे साल में 10 करोड़ का विज्ञापन बजट होने पर आप क्या दोगे, 1.5 करोड़, जबकि दूसरे चैनल 3 से चार करोड़ तक दे देते हैं। मैं पागल हूं जो विज्ञापन दाता को सत्य दिखाऊंगा। अनाधिकृत रूप से वही दिखता है जो हम दिखाते हैं।" आंखें खोलने वाला ज्ञान था ये। बड़े-बड़े मीडिया हाउस में काम करके देख लिया। इस ज्ञान के आगे कोई नहीं टिका। बड़ी सर्वे कंपनी थी एक। भाई डेटा में खेल करके वही दिखाना पड़ता है जो पार्टी देखना या सुनना चाहती है। आज बड़े-बड़े इन्फ्लुएंसर लाखों रुपए इंडोर्समेंट के लेते हैं। भाई एक महिला मॉडल के लाखों फॉलोवर्स हैं पर क्या वो सभी वाशिंग मशीन खरीदने वाले हैं क्या? अब आपने दिखने वाला सत्य मानकर लाखों रुपए खर्च कर दिए, लेकिन सेल मूंगफली जैसी भी नहीं हुई। संगीत की मिमिक्री करने वाले के फॉलोअर 10 लाख हैं, लेकिन क्या वो दस लाख वोट दिलाएगा? हाल ही में एक नई शुरुआत हुई है इन्फ्लुएंसर को राजनीति के लिए इस्तेमाल करने की। हर घर तिरंगा अभियान के लिए यदि इन्फ्लुएंसर जुड़ता है तो उसके आह्वान का असर होगा, पर अगर वो ऑडी या किसी राजनीतिक पार्टी को बेचेगा तो क्या प्रभावित कर पाएगा? एक पूर्व मुख्यमंत्री कहती हैं कि विज्ञापन से इलेक्शन जीते जाते तो बिरला-टाटा प्रधानमंत्री होते। दूसरे मुख्यमंत्री बोले, 'भाई काम तो हमने पिछली बार भी बहुत किया था, मगर प्रचार नहीं कर पाए।' सो, इस बार जनता की गाढ़ी कमाई विज्ञापन पर जाएगी। हाल ही में जोधपुर शहर की सड़क का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ था। सड़क इतनी टूटी-फूटी थी कि पथरी का मरीज अगर सड़क नापे तो पथरी अपने आप बाहर आ जाए। 1200 करोड़ विज्ञापन की जगह सड़क पर खर्च होते तो शायद जनता देखती, लेकिन सही बात है सर, सड़क आपके मफलर ओढ़े चेहरे को दिखाने से रही वो तो चलने वाले को राहत देगी। चलिए देखते हैं जो दिख रहा है वो बिकता है क्या?

**कांग्रेस: अजा, जजा, ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं की लीडरशिप डवलपमेंट कार्यशाला**

# खरगे ने दिया मंत्र: न लड़ें ना गिराने का प्रयास करें, मिलकर करें काम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से संबद्ध नेताओं का आह्वान किया कि वे मिलजुलकर पार्टी के लिए काम करें और आपसी मतभेदों को भुलाकर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें। वह कांग्रेस के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभागों की ओर से आयोजित लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन राष्ट्रीय कार्यशाला में बोल रहे थे। खरगे ने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्गों के नेताओं को खुद को मजबूत करना होगा। आपस में नहीं लड़ना चाहिए और एक दूसरे को नीचे गिराने की होड़ में नहीं पड़ना चाहिए। खरगे ने कहा,उदयपुर के कांग्रेस चिंतन शिविर में 'लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन' की घोषणा की गई थी। इस मिशन का मकसद एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक नेताओं को तराशना और निखारना है जिससे वे अपने समुदायों में पार्टी के आधार को और विस्तार दें तथा इन समुदायों के बीच कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाएं।




### संविधान और लोकतंत्र हमारे लिए ऑक्सीजन

खरगे ने कहा, देश का संविधान और लोकतंत्र हमारे लिए ऑक्सीजन है। हम सभी को मिलकर इसकी रक्षा करनी है। कांग्रेस पार्टी का काम जमीनी स्तर पर होता है। इसके जरिए हमें अपने सामाजिक न्याय के एजेंडे को आगे बढ़ाना है। इस अभियान में मौजूदा और नई पीढ़ी के नेता दोनों शामिल हैं। कांग्रेस नेता के. राजू ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों के बीच ऐसे नेता तैयार करना है जो अपने समुदायों के दर्द को समझें और उनके कल्याण तथा विकास के लिए काम करें।

### महंगाई को लेकर सरकार पर साधा निशाना

खरगे ने सब्जियों एवं कुछ अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि देश के लोग भाजपा का सत्ता से सफाया कर देंगे। खरगे ने ट्वीट किया, मोदी सरकार की लूट से महंगाई और बेरोज़गारी दोनों लगातार बढ़ रही है, पर भाजपा सत्ता के लालच में लीन है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। देश में कुल बेरोज़गारी दर 8.45 प्रतिशत हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोज़गारी दर 8.73 प्रतिशत है। खरगे ने दावा किया कि गांवों में मनरेगा के तहत काम की मांग चरम पर है, पर काम नहीं है।

**राकांपा में सियासी घमासान: दोनों गुटों ने अलग-अलग बैठक कर दिखाई ताकत**

# संख्या बल में भारी पड़े अजित पवार

## अजित की चाचा को नसीहत: आपका सेवानिवृत्ति का समय

**एजेंसी** | मुंबई

उपमुख्यमंत्री अजित पवार और नौ अन्य नेताओं के शिंदे सरकार में शामिल होने के साथ ही राकांपा में शुरू हुए सियासी घमासान के बीच बुधवार को पार्टी के दोनों खेमों की अलग अलग हुई बैठकों में शक्ति प्रदर्शन हुआ। अजित खेमे की बैठक में पार्टी के 53 में से 32 विधायकों के पहुंचने की खबर है। जबकि शरद पवार खेमे की बैठक में 18 विधायकों के उपस्थित रहने के समाचार हैं।

शक्ति प्रदर्शन करने के लिए अजित खेमे की बैठक उपनगर बांद्रा में हुई। बैठक में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने 83 वर्षीय चाचा शरद पवार को याद दिलाया कि यह उनके 'सेवानिवृत्त' होने का समय है। उन्होंने कहा, आईएएस अधिकारी 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत होते हैं। यहां तक कि राजनीति में भी भाजपा नेता 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाते हैं, आप कब होने जा रहे हैं। आपने लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी का उदाहरण देखा है। हर किसी की अपनी पारी होती है। सबसे सार्थक समय 25 से 75 वर्ष की आयु तक होता है।



### 30 जून को ही चुन लिए गए थे अध्यक्ष

उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने निर्वाचन आयोग को एक हलफनामे के माध्यम से सूचित किया है कि अजित 30 जून, 2023 को राकांपा के सदस्यों, विधायी और संगठनात्मक, दोनों इकाइयों के भारी बहुमत द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रस्ताव के माध्यम से राकांपा प्रमुख चुना गया। प्रफुल्ल पटेल राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे।

### बनना चाहता हूं महाराष्ट्र का सीएम

अजित ने यह भी कहा कि जन कल्याण के लिए अपनी कुछ योजनाएं लागू करने के लिए वह सीएम बनना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा, हमारे लिए साहेब (शरद पवार) देवता तुल्य हैं।

## शरद का पलटवार: सहयोगियों की जड़ें काटना BJP की नीति

**एजेंसी** | मुंबई

राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को अजित पवार गुट को आगाह करते हुए कहा कि भाजपा के साथ जिसने भी हाथ मिलाया और सत्ता में हिस्सेदारी की, वो अंततः राजनीतिक रूप से तबाह ही हुए। अपने राजनीतिक सहयोगियों की जड़ें काटना भाजपा की नीति है। दूसरे राज्यों में इसकी कई मिसालें हैं। उनका भी यही हश्र होगा। पवार ने यहां यशवंतराव चव्हाण सेंटर में राकांपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उनकी इस बैठक में पार्टी के करीब एक दर्जन विधायक पहुंचे थे।उन्होंने कहा, उनका कहना था, अकाली दल, भाजपा के साथ लंबे समय से था लेकिन अब कहीं नहीं है। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और बिहार में यही हालात हुए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इसका अहसास हो गया था और फिर उन्होंने राजद के साथ गठबंधन कर लिया। उन्होंने कहा, अब जो लोग भाजपा के साथ गए हैं।



### तस्वीर इस्तेमाल करने पर आपत्ति

पवार ने अजित पवार गुट द्वारा उनकी तस्वीर का इस्तेमाल करने को लेकर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, अगर वो उधर चले गए हैं तो मेरी तस्वीर का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं? मैं अपनी पार्टी का नाम और चुनाव निशान उनके हाथों में नहीं जाने दूंगा। पवार ने भाजपा के साथ जाने को लेकर अपने भतीजे अजित पवार की आलोचना की और इस बात का उल्लेख किया कि उनकी पार्टी से जुड़े इस घटनाक्रम से कुछ दिनों पहले ही पीएम मोदी ने राकांपा को भ्रष्ट पार्टी बताया था।

### राकांपा की गुटीय लड़ाई निर्वाचन आयोग पहुंची

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की गुटीय लड़ाई निर्वाचन आयोग के दरवाजे तक पहुंच गई है और अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह ने उनके समर्थन में विधायकों और सांसदों के 40 से अधिक हलफनामे दाखिल किए हैं। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया कि शरद पवार खेमे ने आयोग के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया है कि गुटीय लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाए। निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में याचिकाओं पर कार्रवाई कर सकता है और दोनों पक्षों से उसके समक्ष प्रस्तुत संबंधित दस्तावेजों का आदान-प्रदान करने के लिए कह सकता है। शरद पवार द्वारा 1999 में स्थापित राकांपा में रविवार को दो फाड़ हो गई थी और अजित पवार महाराष्ट्र में शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार में शामिल हो गए।

**समान नागरिक संहिता पर आपत्ति**

## पर्सनल लॉ बोर्ड ने विधि आयोग को भेजे दस्तावेज

**एजेंसी** | लखनऊ

देश में मुसलमानों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर अपनी आपत्ति संबंधी दस्तावेज बुधवार को बोर्ड की साधारण सभा से अनुमोदन मिलने के बाद विधि आयोग को भेज दिया।

बोर्ड के प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने 'पीटीआई- भाषा' को बताया कि बोर्ड की कार्यसमिति ने गत 27 जून को यूसीसी को लेकर तैयार किए गए प्रतिवेदन के मसौदे को मंजूरी दी थी, जिसे बुधवार को ऑनलाइन माध्यम से हुई बोर्ड की साधारण सभा में विचार के लिए पेश किया गया। बैठक में इस प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया और असके बाद इसे विधि आयोग को भेज दिया गया है। गौरतलब है कि विधि आयोग ने यूसीसी पर विभिन्न पक्षकारों और हितधारकों को अपनी आपत्तियां दाखिल करने के लिए 14 जुलाई तक का वक्त दिया है। हालांकि बोर्ड ने इसे छह महीने तक बढ़ाने की गुजारिश की थी। बोर्ड ने कहा है कि भारत का संविधान अपने आप में समानतापूर्ण नहीं है और इसमें विभिन्न समुदायों के लिए अलग-अलग सामंजस्य किए गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग आचरण तय किए गए हैं।



### हर अल्पसंख्यक समुदाय को UCC से बाहर रखा जाए

इलियास ने बताया कि बोर्ड का कहना है कि यूसीसी के दायरे से सिर्फ आदिवासियों ही नहीं बल्कि हर धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग को भी अलग रखा जाना चाहिए। बैठक में बोर्ड के 251 में से लगभग 250 सदस्य शामिल हुए। बैठक में सभी सदस्यों से कहा गया कि वे व्यक्तिगत रूप से भी विधि आयोग में यूसीसी के खिलाफ अपनी बात रखें और अपने रिश्तेदारों एवं दोस्तों और अन्य लोगों से भी ऐसा करने को कहें।संगठन का कहना है कि भारत जैसे बहु सांस्कृतिक एवं बहुधार्मिक देश में यूसीसी के नाम पर एक ही कानून थोपा जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

### केरल में प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला: जावड़ेकर

**तिरुवनंतपुरम/कन्नूर।** केरल में कुछ मीडिया घरानों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य में प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला हो रहा है।

उन्होंने सत्तारूढ़ वाम सरकार पर आरोप लगाया कि उसके कथित गलत कृत्यों को उजागर करने से रोकने के लिए मीडिया को डराया-धमकाया जा रहा है।

**पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव: नंदीग्राम में कड़ा मुकाबला**

## खोई प्रतिष्ठा पाने के प्रयास में TMC

**एजेंसी** | नंदीग्राम

पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में एक बार फिर कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विभिन्न विपक्षी दल आगामी पंचायत चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपने प्रतिद्वंद्वी से यहां करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। सत्तारूढ़ टीएमसी जहां नंदीग्राम में अपनी खोई हुई जमीन तलाश रही है, वहीं विपक्षी भाजपा निर्दलीय उम्मीदवारों के भरोसे है, जिनमें से कई टीएमसी में रह चुके हैं। पूर्व मेदिनीपुर जिला परिषद के उपाध्यक्ष शेख सुफियान ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमारे लिए, चुनौती नंदीग्राम में खोई हुई जमीन वापस पाने की है, क्योंकि यह हमारे लिए कोई अन्य जगह नहीं है, बल्कि उन सभी के लिए एक राजनीतिक तीर्थयात्रा है जो ममता बनर्जी की विचारधारा में विश्वास करते हैं। भाजपा ने अनैतिक तरीके से विधानसभा क्षेत्र जीता था।

### अल्पसंख्यकों की अच्छी खासी आबादी

नंदीग्राम पूर्व मेदिनीपुर जिला परिषद के अंतर्गत आता है। वर्ष 2008 से यहां पर टीएमसी का कब्जा रहा है, जब उसने पहली बार इस जिले में वाम मोर्चे को पटखनी दी थी। इस क्षेत्र में अल्पसंख्यकों की अच्छी खासी आबादी है। नंदीग्राम के ब्लॉक एक और दो में क्रमशः लगभग 40 और 17 प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी है और टीएमसी ने 80 प्रतिशत सीट पर नये चेहरे उतारने का फैसला किया है, जिसका पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने विरोध किया है।

### रेड्डी की पीएम से भेंट



*नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की और राज्य से संबंधित विभिन्न मसलों पर चर्चा की। -पीटीआई*

**भाजपा को झटका**

## सहयोगी दल अन्नाद्रमुक UCC का करेगी विरोध

**एजेंसी** | चेन्नई

भाजपा की सहयोगी अन्नाद्रमुक ने समान नागरिक संहिता लाने के खिलाफ बुधवार को अपना रुख दोहराया।

यूसीसी पर भाजपा द्वारा जोर देने और अपनी पार्टी के रुख के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अन्नाद्रमुक प्रमुख के. पलानीस्वामी ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए जारी पार्टी के घोषणापत्र में रूख पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था। तमिलनाडु के पूर्व सीएम पलानीस्वामी ने यहां पार्टी के जिला सचिवों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा, हमारा घोषणापत्र पढ़ें, हमने इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी पार्टी का 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के साथ गठबंधन जारी रहेगा, पलानीस्वामी ने कहा, चुनाव होने में एक साल है।

**कई मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं की नड्डा से मुलाकात**

# भाजपा: संगठनात्मक कार्यक्रमों पर मंथन, तैयार हो रही हैं नई योजनाएं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राजधानी स्थित भाजपा के मुख्यालय में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गतिविधियों में तेजी देखी गई और कई मंत्रियों व वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की। भाजपा की पंजाब इकाई के नवनियुक्त प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी पार्टी कार्यालय का दौरा किया और नड्डा से मुलाकात की। इन बैठकों में क्या चर्चा हुई, इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से चल रही मुलाकातों का यह सिलसिला कुछ और दिन जारी रह सकता है। भाजपा के एक नेता ने कहा कि इन बैठकों को मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि पार्टी कई संगठनात्मक कार्यक्रमों की योजना बना रही है और इस तरह की बातचीत नियमित रूप से होती रही है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पार्टी महासचिव (संगठन) बी एल संतोष से मुलाकात की जबकि एक अन्य मंत्री एस पी एस बघेल ने नड्डा से मुलाकात की।



### भाजपा को पंजाब में आप का विकल्प बनाना प्राथमिकता: जाखड़

पार्टी की पंजाब इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने नड्डा से मुलाकात के बाद कहा कि लोकतंत्र में लोगों का विश्वास बहाल करने और पंजाब में भाजपा को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के एकमात्र विकल्प के रूप में स्थापित करने पर उनका मुख्य जोर रहेगा। जाखड़ ने दावा किया कि कर्ज के बढ़ते बोझ और कानून व्यवस्था की खराब होती स्थिति के साथ पंजाब आज बहुत दयनीय स्थिति में है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे पंजाब में भय का माहौल है और राज्य में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं करता। पिछले साल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए जाखड़ ने कहा,आम आदमी पार्टी को जनादेश देने वाले लोग आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा ही पंजाब में एकमात्र विश्वसनीय विकल्प है क्योंकि कांग्रेस सहित अन्य सभी विपक्षी दलों के पास लोगों की आवाज उठाने की न तो क्षमता है और ना ही आत्मविश्वास।



#### कांग्रेस आप के सामने झुकी

जाखड़ ने आरोप लगाया कि तथाकथित मान्यता प्राप्त विपक्षी दल कांग्रेस, आप सरकार के सामने झुक गई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान कांग्रेस नेताओं को आंखों में आंख डालकर बात करने की चुनौती देते हैं, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि आप नेता कहते हैं कि उनके पास हर किसी का हिसाब है और वे उनको सलाखों के पीछे डाल देंगे।

### तेलंगाना: आसान नहीं है श्रीकिशन रेड्डी की राह

**हैदराबाद।** तेलंगाना में अगले कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाना नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। उनको राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत से उत्साहित कांग्रेस से मुकाबला है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि किशन रेड्डी के लिए तत्काल कार्य राज्य पार्टी इकाई में सुचारु कामकाज सुनिश्चित करना है।

#### त्रिकोणीय मुकाबले से भाजपा को फायदा

कांग्रेस, बीआरएस व भाजपा में संभावित मुकाबले संबंधी एक सवाल के जवाब में पार्टी प्रवक्ता कृष्ण सागर राव ने कहा कि चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति से भाजपा को फायदा होगा। उन्होंने दावा किया कि राज्य में भाजपा को लगातार बढ़त मिलती दिख रही है। उन्होंने दावा किया, भाजपा के लिए जनता का समर्थन बरकरार है और लोग परिवार द्वारा संचालित सरकार के खिलाफ इसके विकास वाले एजेंडे को देखते हुए अभी भी भाजपा को बीआरएस के विकल्प के रूप में देखते हैं।

## जरूरी खबर

### जस्टिस भुइयां व भट्टी होंगे सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने बुधवार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में प्रोन्नति के लिए न्यायाधीश उज्जल भुइयां और न्यायाधीश एस वेंकटनारायण भट्टी के नामों की सिफारिश की। कॉलेजियम में न्यायाधीश संजय किशन कौल, न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश सूर्यकांत भी शामिल रहे। कॉलेजियम ने बुधवार को एक बैठक में यह फैसला किया और प्रस्ताव को शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर डाला गया। न्यायाधीश भुइयां तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, वहीं न्यायाधीश भट्टी केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं।

### द. भारत में जून 1901 के बाद से सबसे गर्म महीना

**नई दिल्ली।** दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में 1901 के बाद से जून का महीना इस बार सबसे गर्म रहा और क्षेत्र में औसत अधिकतम तापमान 34.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि इस क्षेत्र में 1901 के बाद से जून में तीसरा सर्वाधिक औसत न्यूनतम तापमान 26.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और गुजरात समेत उत्तरपश्चिम और देश के मध्य हिस्सों में लू जैसी स्थिति नहीं देखी गई। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में जून में 88.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जो 1901 के बाद से सबसे कम है।

### आईआरईओ के एमडी गोयल ईडी की हिरासत मे

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** एक विशेष पीएमएलए अदालत ने बुधवार को रियल एस्टेट कंपनी आईआरईओ के मालिक और प्रबंध निदेशक ललित गोयल को निलंबित विशेष न्यायाधीश के कथित तौर पर रिश्वत लेने से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दो दिन की हिरासत में भेज दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कारोबारी को ईडी ने मंगलवार को गुरुग्राम से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था। हरियाणा में पंचकुला स्थित विशेष पीएमएलए अदालत ने एजेंसी द्वारा बुधवार को गोयल को पेश करने के बाद उन्हें दो दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया।

## हिमाचल के ऊना में बाढ़, कार बही-घर क्षतिग्रस्त



*शिमला। देश में विभिन्न भागों में बारिश का दौर जारी है। केरल समेत कई राज्यों में भारी बारिश के समाचार हैं। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में बुधवार सुबह अचानक आई बाढ़ से हरोली इलाके के एक गांव के 10 घर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा एक कार पानी में बह गई, लेकिन चालक बच गया। -पीटीआई*

### पीट-पीटकर हत्या दोषियों को 10-10 साल की सजा



**सरायकेला (झारखंड)।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले की एक अदालत ने 2019 में तबरेज अंसारी की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में 10 लोगों को बुधवार को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। भीड़ ने अंसारी पर मोटरसाइकिल चुराने का आरोप लगाया था और 17 जून 2019 को उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद राजनीतिक हंगामा शुरू हो गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-प्रथम अमित शेखर ने गत 27 जून को 10 आरोपियों को दोषी ठहराया था और साक्ष्यों के अभाव में दो अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सजा का ऐलान करते हुए अदालत ने सभी दोषियों को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## सूचना बिल का मसौदा मंजूर, मानसून सत्र में होगा पेश

# नियमों का उल्लंघन किया तो 250 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण (डीपीडीपी) विधेयक, 2023 के मसौदे को मंजूरी दे दी। इसे संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश किया जाएगा।

विधेयक में नियमों के उल्लंघन के प्रत्येक मामले में संबंधित इकाई पर 250 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का प्रस्ताव किया गया है। एक आधिकारिक सूत्र कहा, मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण विधेयक के मसौदे को मंजूरी दे दी है।

सूत्र के अनुसार, विधेयक में पिछले मसौदे के लगभग सभी प्रावधानों को शामिल किया गया है। उस मसौदे को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने परामर्श के लिए जारी किया था। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में सरकारी विभागों को पूरी तरह से छूट नहीं दी गई है। विवादों के मामले में सूचना संरक्षण बोर्ड फैसला करेगा। नागरिकों को दिवानी अदालत में जाकर मुआवजे का दावा करने का अधिकार होगा। कई चीजें हैं जो धीरे-धीरे विकसित होंगी। उन्होंने कहा, कानून लागू होने के बाद व्यक्तियों को अपने आंकड़े, उसके रखरखाव आदि के बारे में विवरण मांगने का अधिकार होगा।



### डेटा प्रोटेक्शन का है प्रावधान

मोबाइल और इंटरनेट के चलन के बाद से निजता की सुरक्षा की जरूरत लंबे वक्त से थी। कई देशों में लोगों के डेटा प्रोटेक्शन को लेकर सख्त कानून तैयार किए जा चुके हैं। मगर भारत में ऐसा कोई कानून फिलहाल नहीं है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद इसे संसद में पेश किया जाएगा। विधेयक के मसौदे के अनुसार कानून पालन कराने के लिए डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड ऑफ इंडिया की स्थापना की जाने की सिफारिश की गई है। जहां यूजर्स की शिकायत सुनी और हल की जा सकें। सूत्रों के अनुसार फिलहास सख्त कानून न होने के वजह से डेटा कलेक्ट करने वाली कंपनियां इसका कई दफा फायदा उठाती हैं। बैंक, क्रेडिट कार्ड और इंश्योरेंश से जुड़ी जानकारियां के आए दिनों लीक हो जाने की खबरें आती रहती हैं।

### तीस्ता को 19 तक अरेस्ट नहीं करने के निर्देश



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 में गोधरा ट्रेन हादसे के बाद हुए दंगों से जुड़े एक मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को अगला आदेश सुनाए जाने तक बुधवार को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान कर दिया। मामले में आगे की सुनवाई 19 जुलाई को होगी। न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायाधीश ए एस बोपन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीतलवाड़ की याचिका पर गुजरात सरकार को एक नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए, जिस पर 19 जुलाई, 2023 तक जवाब दिया जाए। पक्षकार जो भी दस्तावेज रिकॉर्ड में लाना चाहते हैं, उनका एक दूसरे से आदान-प्रदान करने के बाद उन्हें 15 जुलाई से पहले दाखिल किया जाए।

## मणिपुर में हिंसा...

# भीड़ ने आईआरबी जवान के घर में लगाई आग



एजेंसी | इंफाल

मणिपुर के थौबल जिले में भीड़ ने इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के एक जवान के मकान में आग लगा दी, क्योंकि उन्होंने शस्त्रागार से आग्नेयास्त्र लूटने के दंगाइयों के प्रयासों को विफल कर दिया था। अधिकारियों ने बुधवार को बतया कि घटना मंगलवार रात को सामाराम में हुई। इससे पहले 700-800 लोगों की भीड़ ने चार किलोमीटर दूर वांगबल में आईआरबी के शिविर से हथियार लूटने की कोशिश की थी, जिसके बाद सुरक्षा बलों के साथ हुई झड़प में 27 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान रोनाल्डो के रूप में की गई है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि जवान ने अपना कर्तव्य बखूबी निभाया और दंगाइयों को पुलिस हथियार भंडार लूटने नहीं दिया।

### इंटरनेट सेवाओं पर रोक 10 तक बढ़ाई गई

राज्य सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए राज्य में इंटरनेट सेवाओं पर रोक पांच दिन बढ़ा दी है। अब 10 जुलाई अपराह्न तीन बजे तक इंटरनेट सेवाओं पर रोक रहेगी। अधिकारियों ने तीन मई को जातीय समुदायों के बीच झड़पें शुरू होने के बाद इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगाया था। इसे समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है। गृह आयुक्त टी. रणजीत सिंह ने यह जानकारी दी ।




### नौसेनाध्यक्ष अमरनाथ गुफा पहुंचे

*अनंतनाग। नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरिकुमार अमरनाथ यात्रा के तहत बुधवार को अमरनाथ गुफा पहुंचे और अमरनाथ गुफा के दर्शन किए। इस मौके पर एडमिरल हरिकुमार सुरक्षा कर्मियों के साथ।*

## आदिवासी युवक पर पेशाब करने का मामला: कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना

# आरोपी के पिता के घर पर चला बुलडोजर

एजेंसी | सीधी (मप्र)

मध्यप्रदेश पुलिस ने एक आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने के आरोपी प्रवेश शुक्ला को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। इसके कुछ ही घंटों बाद स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को उसके पिता के घर का एक हिस्सा ढहा दिया। मंगलवार को पेशाब करने की घटना का वीडियो सामने आया था। इसके बाद राजनीतिक दलों ने भाजपा पर प्रहार किए। विपक्षी कांग्रेस ने मांग की थी कि राज्य की भाजपा सरकार शुक्ला की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करे। एक अधिकारी ने कहा, आरोपी के पिता रमाकांत शुक्ला का घर अनुमति के अनुसार नहीं बनाया गया था। इसलिए इसके अवैध हिस्से को ध्वस्त किया जा रहा है।



### आदिवासियों-दलितों के प्रति भाजपा की नफरत सामने आई: राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के सीधी में एक व्यक्ति द्वारा एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना को लेकर बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे आदिवासियों एवं दलितों के प्रति भाजपा की नफरत का घिनौना चेहरा सामने आ गया है।उन्होंने ट्वीट किया, भाजपा राज में आदिवासी भाइयों और बहनों पर अत्याचार बढ़ते ही जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में एक भाजपा नेता के अमानवीय कृत्य से सारी इंसानियत शर्मसार हुई है। यह भाजपा का आदिवासियों और दलितों के प्रति नफ़रत का घिनौना चेहरा और असली चरित्र है!

## इसरो: 13 जुलाई को उड़ान भरने की तैयारी जोरों पर

# चंद्रयान-तीन को नए प्रक्षेपण रॉकेट एलवीएम-3 से जोड़ा गया

### यान के साथ भेजे जाएंगे कई उपकरण

एजेंसी | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में बुधवार को चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को अपने नए प्रक्षेपण रॉकेट एलवीएम-3 से जोड़ दिया।

चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित रूप से उपकरण उतारने और उससे अन्वेषण गतिविधियां कराने के लिए चंद्रयान-2 के बाद इस महीने चंद्रयान-3 प्रक्षेपित किया जाने वाला है। इसरो ने एक ट्वीट में कहा कि बुधवार को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा में चंद्रयान-3 को एलवीएम-3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) से जोड़ा गया। चंद्रयान-3 को 13 से 19 जुलाई के बीच प्रक्षेपित किया जाना है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा, हमारा लक्ष्य इसे 13 जुलाई को प्रक्षेपित करने का है। चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के चट्टानों की ऊपरी परत की थर्मोफिजिकल विशेषताएं, चंद्रमा पर भूकंप आने की बारंबारता, चंद्रमा की सतह पर प्लाज्मा वातावरण और उपकरण उतारे जाने वाले स्थान के निकट तत्वों की संरचना का अध्ययन करने वाले उपकरण भेजे जाएंगे। यह अभियान भारत के महत्वाकांक्षी अभियान का ही एक हिस्सा है।



### चंद्रमा की कक्षा से होगा पृथ्वी का अध्ययन

इसरो अधिकारियों के अनुसार, लैंडर और रोवर पर लगे इन वैज्ञानिक उपकरणों को 'चंद्रमा का विज्ञान' विषय में रखा जाएगा, जबकि प्रायोगिक उपकरण चंद्रमा की कक्षा से पृथ्वी का अध्ययन करेंगे। इस साल मार्च में चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने अपनी आवश्यक जांच पूरी कर ली और प्रक्षेपण के दौरान पेश आने वाली कठिन परिस्थितियों के परीक्षण में खरा उतरा है। लैंडर, चंद्रमा के एक विशेष स्थान पर सहजता से उतरने की क्षमता से लैस होगा और रोवर को तैनात करेगा, जो चंद्रमा की सतह पर रासायनिक विश्लेषण करेगा।

### हिंद महासागर में विशाल 'ग्रेविटी होल' का चला पता

**नई दिल्ली।** भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलोर के शोधार्थियों ने हिंद महासागर में 30 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक बड़े आकार के एक 'ग्रेविटी होल' का पता लगाया है। श्रीलंका के ठीक दक्षिण में इस क्षेत्र की मौजूदगी का पता चला है। इस स्थान पर पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल सबसे कमजोर है और समुद्र का स्तर वैश्विक स्तर से 100 मीटर से अधिक नीचे है। शोधार्थियों ने उल्लेख किया कि सागर में ज्वार और धाराओं के अभाव में सभी जल समुद्र के एक काल्पनिक स्तर पर स्थिर हो जाएंगे और जहां अधिक गुरुत्व होगा, वहां ऊपर उठ जाएंगे तथा कम गुरुत्व वाले स्थान पर नीचे चले जाएंगे। 'इंडियन ओशन जियोइड लो' कहे जाने वाले इस स्थान पर काफी कम गुरुत्व है, जहां समुद्र की सतह 106 मीटर नीचे चली गया है। भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलोर में असिस्टेंट प्रोफेसर एत्रयी घोष ने कहा, इंडियन ओशन जियोइड लो की मौजूदगी पृथ्वी विज्ञान में सबसे लंबे समय से मौजूद पहेली में शामिल है। यह पृथ्वी पर गुरुत्व असमानता की स्थिति है और इसके स्रोत के बारे में अब तक कोई आम सहमति नहीं बनी है। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स पत्रिका में प्रकाशित एक अध्यन में आईआईएससी की टीम ने जेएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के शोधार्थियों के साथ लुप्त द्रव्यमान का विश्लेषण किया है, जो 'जियोइड लो' के लिए जिम्मेदार है।

### धनशोधन मामला अदालत में पेश हुईं जैकलीन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज 200 करोड़ रुपए के एक धनशोधन मामले में बुधवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश हुईं। उनके और कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने मामले में आरोपों पर दलीलें सुनना शुरू किया।अदालत ने पिछले साल 15 नवंबर को फर्नांडीज को मामले में 50,000 रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही प्रतिभूति राशि पर जमानत दी थी। अदालत ने 31 अगस्त, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लिया था और फर्नांडीज को अदालत के समक्ष पेश होने को कहा।

## सेंट्रल जेल स्किलिंग प्रोजेक्ट के अनावरण समारोह में शामिल हुईं एक्ट्रेस

# 'शेड्स ऑफ लाइफ' में शबाना

### प्रोजेक्ट में जेल के कैदियों को सिखाया जाएगा एमएस



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन, जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन नेहा ढड्डा ने अभिनेत्री शबाना आजमी से शेड्स ऑफ लाइफ पर बात की। इस दौरान शबाना आजमी की उपस्थिति में एफएलओ जयपुर चैप्टर ने अजमेर क्षेत्र में सामाजिक आउटरीच कार्यक्रम-सेंट्रल जेल स्किलिंग प्रोजेक्ट का अनावरण किया। प्रोजेक्ट में कैदियों को एमएस सिखाया जाएगा। महिला कैदी सिलाई में निपुण होंगी। प्रोजेक्ट का शुभारंभ शबाना आजमी, डीजीपी जेल भूपेन्द्र दक, पूर्व डीजीपी राजीव दासोत, संस्थापक अध्यक्ष फिक्की फ्लो नीता बूचरा, अजमेर जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल और अध्यक्ष एफएलओ जयपुर नेहा ढड्डा द्वारा किया गया।




### पिता और पति की भूमिका पर की बात

शबाना आजमी के साथ बातचीत पथ-प्रदर्शक थी। एफएलओ सदस्यों के साथ भावनात्मक स्तर पर जुड़ने की उनकी क्षमता ने उन्हें इन मंत्रमुग्ध कर देने वाली कहानियों के जरिए एक आदर्श कलाकार बना दिया। यह सत्र कच्ची भावनाओं और गहन चिंतन की दुनिया में बदल गया। उन्होंने अपने जीवन में कवियों के रूप में अपने पिता और पति की प्रतिष्ठित भूमिका को भी साझा किया और बताया कि कैसे उन्होंने सामाजिक कारण और प्रभाव की अपनी यात्रा शुरू की।

### एक समय में एक कदम पर ध्यान रखें

चेयरपर्सन ढड्डा ने बताया कि हम सभी के जीवन में अलग-अलग रंग हैं। बात बस इतनी है कि हमें अपने आप को वहीं फिट करना चाहिए जहां हमारा जुनून निहित है। वह समाज में बदलाव लाने और एक समय में एक कदम पर ध्यान केंद्रित करने में प्रबल विश्वास रखती हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि अजमेर जेल स्किलिंग प्रोजेक्ट मेरे ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक था, जहां हम उन लोगों का समर्थन कर रहे हैं जिन्हें पहले से ही समाज द्वारा खारिज कर दिया गया है। उन्हें सशक्त बनाकर, एफएलओ जयपुर आशा की किरण फैला रहा है। प्रगति और विकास की दिशा में बदाव हो रहा है।

## सच बेधड़क के एडिटर इन चीफ ने देखा जादू का शो

# विनायक शर्मा ने OP के शो में उड़ाया अमन का कबूतर



**बेधड़क | जयपुर**

बिड़ला ऑडिटोरियम में चल रहे जादूगर जूनियर ओपी शर्मा के शो में बुधवार को मुख्य अतिथि के तौर पर सच बेधड़क के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान जूनियर ओपी शर्मा ने सच बेधड़क के फाउंडर विनायक शर्मा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

इसके साथ ही प्रदेश में शांति और अमन चैन रहे इसके लिए मंच से विनायक शर्मा के हाथों से सफेद कबूतर भी उड़वाया गया। सच बेधड़क के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने कहा कि मेरी लाइफ का यह पहला मैजिक शो है, और इसे देखकर काफी सुकून मिला।

उन्होंने कहा कि हम हर पल जीवन की भागदौड़ में लगे रहते हैं, लेकिन इस दौरान जब हम सोचते हैं कि जीवन में हमारे बेहतर पल कौनसे हैं, तो उन पलों में एक पल ओपी शर्मा का यह मैजिक शो भी याद आएगा। इनके शो को जो भी देखता है वह अपनी सभी टेंशन और डिप्रेशन को भूल जाता है। ऐसे शो लगातार होने चाहिए, क्योंकि इनके जादू की पूरी दुनिया को जरूरत है। उन्होंने बताया कि आजकल सोशल मीडिया, ट्विटर और रील्स में जीवन सिमटते जा रहे हैं तो ऐसे शो जीवन में नई एनर्जी पैदा करते हैं। इस दौरान मैनेजिंग एडिटर सुधांशु माथुर, ग्रुप वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा, ओएसडी मिताली यादव भी मौजूद रहे। जूनियर ओपी शर्मा के शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने जादू से छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक को आश्चर्यचकित कर दिया।

ओपी शर्मा ने शो के दौरान स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी को आंखों के सामने से गायब कर दिया तो लड़की को हवा में उड़ाकर दर्शकों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया।



# City इवेंट्स

### हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** राजभाषा नियमों की जानकारी एवं राजभाषा का सरकारी संगठनों में प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर दूरदर्शन केंद्र जयपुर में बुधवार को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के राजभाषा प्रभारी अतुल कुमार अग्निहोत्री ने भाग लिया। अग्निहोत्री ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए राजभाषा नियमों एवं अधिनियमों की जानकारी साझा की। उन्होंने इस अवसर पर राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधित सुझाव दिए। प्रारंभ में केंद्र अध्यक्ष एवं उप महानिदेशक अभियांत्रिकी सतीश देपाल ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया और कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मण दास व्यास, समाचार प्रमुख मंजू मीणा, निदेशक अभियांत्रिकी एच.पी. मीणा, रणजीत मीणा, निलेश खंडेलवाल, राजभाषा अधिकारी पीएन त्रिपाठी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी सीमा विजय, कार्यक्रम अधिकारी मनोज तिवारी, राजकिशोर सक्सेना समेत केंद्र के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। राजभाषा अधिकारी पीएन त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन प्रोड्यूसर वीरेंद्र कुमार परिहार ने किया।

### 'कलायाम' में साकार हुई अमूर्त कला

**बेधड़क. जयपुर।** डिजायन एग्जीबिशन में स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी से अमूर्त कला को मूर्त रूप में साकार कर दिखाया। पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज के डिजायन डिपार्टमेंट की ओर से वार्षिक डिजायन एग्जीबिशन 'कलायाम-2023' में शोकेस हुए बेहतरीन प्रोजेक्ट्स को विजिटर्स ने निहारा तो वे पलकें झपकाना भूल गए। एग्जीबिशन में विभिन्न थीम बेस्ड स्कल्पचर, ब्लू पोटरी, बोहो, बंजारा जैसे आयामों को स्टूडेंट्स ने बखूबी प्रस्तुत किया। कॉलेज की निदेशक रूपल पोद्दार ने बताया कि डिपार्टमेंट के बैचलर ऑफ डिजाइन, फैशन और इंटीरियर के फर्स्ट ईयर, सेकंड और थर्ड ईयर के स्टूडेंट्स ने डिजायन एग्जीबिशन में प्रोजेक्ट शोकेस किए।

### सराफ ने किया सीसी सड़क का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 148 उनियारा गार्डन में नगर निगम ग्रेटर द्वारा पार्षद कोटे से निर्मित सीसी सड़क का रिबिन काटकर लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद महेश सैनी ने बताया कि उनियारा गार्डन में सड़कें टूटी हुई थी। पार्षद कोटे से इन सीसी सड़कों का नवीनीकरण करवाया गया है, जिसका क्षेत्रीय विधायक सराफ ने रिबिन काटकर लोकार्पण किया। स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष विजय सैनी, मंडल मंत्री अजय सैनी, निक्की गुर्जर, रोहित छिपा, दीपक मीणा, राकेश सेन, गोपाल मीणा, अजय मीणा, हरिनारायण मीणा, नंदलाल मीणा, पूरण मीणा, लालचंद मीणा, राजीव सैनी अशोक सेन, कली देवी, धापू देवी,रोशन देवी मनभर देवी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## समान नागरिक संहिता के औचित्य पर संगोष्ठी

# रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के समान अवसरों पर विचार करें



**बेधड़क | जयपुर**

मुक्त मंच की मासिक संगोष्ठी समान नागरिक संहिता का औचित्य विषय पर हुई। परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सानिध्य, भाषाविद डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता और अरुण ओझा आईएएस (से.नि.) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न संगोष्ठी का संयोजन शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने किया। डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम ने कहा कि हमारे यहां प्राचीन काल से एकता, बंधुत्व और समरसता का भाव रहा है और एकरूपता को कभी स्वीकार नहीं किया गया। ऐसे में निर्णय लेते हुए जनमत का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

मुख्य अतिथि अरुण कुमार ओझा आईएएस (से.नि.) ने कहा कि समान नागरिक संहिता हमारी संस्कृति की विरुपता को बढ़ा देगी। संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि इस बारे में संयम के साथ विचार-विमर्श होना चाहिए। आईएएस (से.नि.) रामस्वरूप जाखड़ ने कहा कि समान नागरिक संहिता की बजाय रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के समान अवसरों पर विचार करने की जरूरत है। मुख्य अभियंता (से.नि.) दामोदर चिरानिया, शिक्षाविद सुभाष गुप्ता, पूर्व बैंकर इंद्र भंसाली, आईएएस (से.नि.) एआर पठान, पत्रकार सुधांशु मिश्र, व्यंग्यकार डॉ यशवंत कोठारी, फारूक अफरीदी, समाजसेवी आरसी जैन, वित्तीय सलाहकार राजेंद्र कुमार शर्मा, अरुण ठक्कर, स्तंभकार ललित शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। विष्णु लाल वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राज्यपाल ने किया कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

# समाज के विकास में भूमिका पर मंथन करेंगी महिलाएं



**बेधड़क | जयपुर**

महिलाओं का महासम्मेलन 'संवर्धिनी' 20 अगस्त को जयपुर में आयोजित होगा। तैयारियों के बीच बुधवार को राज्यपाल ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ संवर्धिनी महासम्मेलन आयोजनकर्ताओं की पूरी कोर टीम उपस्थित थी। महासम्मेलन के बारे में टीम की सदस्य संगीता जांगिड़ ने बताया कि आज हमारा देश विश्व में शक्ति संपन्न, वैभव संपन्न, ज्ञान विज्ञान से परिपूर्ण, तथा पूरी दुनिया को शांति के पथ पर ले जाने वाला बनने की ओर अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अनेक चुनौतियां भी हमारे देश के विकास में बाधक बन कर सामने खड़ी हैं।

चाहे स्त्री उत्पीड़न हो या फिर आंतरिक सुरक्षा का विषय, परिवारों में संस्कारों का हनन हो अथवा बेटियों की सुरक्षा, अनेक विषय ऐसे हैं जिनका समाधान समाज को मिलकर सोचना होगा, विशेषकर स्त्री शक्ति को। उन्होंने कहा कि भारत की हर स्त्री प्रतिभाशाली है। बस उसे स्वयं को पहचानने की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्व से साक्षात्कार करने, भारतीय स्त्री चिंतन को समझने तथा अपने देश व समाज के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका को समझने के लिए 'संवर्धिनी' महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित महासम्मेलन है। इस महासम्मेलन में तीन हजार से अधिक महिलाओं के भाग लेने की संभावना है।

**वन महोत्सव** | पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता के लिए शुरू किया अभियान

# स्टेट बैंक और सेना मिलकर लगाएंगे 6500 पेड़

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर मंडल एवं भारतीय सेना के संयुक्त तत्वावधान में वन महोत्सव के अंतर्गत 6500 पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया गया।

भारतीय स्टेट बैंक के जयपुर मंडल के मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा एवं 61 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल आर एस गोदारा ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। पर्यावरण के संरक्षण पर सार्वभौमिक जागरूकता के लिए बैंक और सेना की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है। पौधरोपण अभियान में छायादार, फलदार एवं फूल वाले विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए जाएंगे। इस अभियान में भारतीय सेना के जवानों के साथ उनके परिवार सदस्यों एवं भारतीय स्टेट बैंक के स्टाफ सदस्यों द्वारा भी पौधरोपण किया गया।



### हर वर्ष कम से कम 1 पेड़ लगाने का संकल्प

इस मौके पर राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय सेना देश की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण सरंक्षण में भी सदैव अग्रसर रही है, इसके लिए सम्पूर्ण देशवासी आप पर गर्व करते हैं एवं भारतीय स्टेट बैंक भी पर्यावरण सरंक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियां बड़े पैमाने पर करता रहता है। मिश्रा ने पौधरोपण पर जोर देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं एवं पर्यावरण सरंक्षण में अपना सहयोग दें। अंत में उन्होंने सबसे अपील करते हुए कहा कि आइये हम सब आज एक प्रण लें कि हर वर्ष कम से कम 1 पेड़ लगाएंगे एवं कम से कम 3 वर्ष तक उसको सींचेंगे।

**इन्होंने भी किया पौधरोपण**

अभियान में एसबीआई के महाप्रबंधक प्रभात कुमार मिश्रा, हेमंत करौलिया, चन्द्र भूषण कुमार सिंह, उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी कल्याण गजवेल्लि एवं भारतीय सेना के ब्रिगेडियर जेएस बिष्ट (एस एम), ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव (वीएसएम) एवं अन्य उच्च अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया गया।

## अमेरिका ने मनाया 247वां स्वतंत्रता दिवस: आतिशबाजी ने मोहा मन...



*न्यूयॉर्क। संयुक्त राज्य अमेरिका 4 जुलाई अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है। इस मौके पर राष्ट्रपति बाइडेन, प्रथम महिला जिल बाइडेन (इनसेट) के साथ ही र उनके बेटे हंटर ने वाशिंगटन डीसी में मंगलवार देर रात तक चली आकर्षक और रंग बिरंगी आतिशबाजी का नजारा देखा। न्यूयॉर्क में यह दिन मैसी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। अमेरिकी इस दिन देश के उन क्रांतिकारियों के बलिदान को याद करते हैं, जिन्होंने 1776 में अंग्रेजों से आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। राष्ट्रपति बाइडेन ने आतिशबाजी का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, "आज, हमने आपके घर- पीपुल्स हाउस में स्वतंत्रता, स्वतंत्रता और स्वतंत्रता का जश्न मनाया।"*

## यूक्रेन खटखटा रहा NATO का दरवाजा

# शामिल किया तो देगा रूस को टेंशन

**एजेंसी** | कीव

बीते एक साल से यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध चल रहा है। इस युद्ध का क्या अंजाम होगा कोई नहीं जानता है। रूस अपनी जिद पर अड़ा है कि वह यूक्रेन को तबाह करके ही मानेगा, वहीं यूक्रेन है कि रूस के सामने घुटने टेकने को राजी नहीं हो रहा। ऐसे में दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए बीच बचाव कई अलग-अलग देश मध्यस्थता कराने के लिए राजी हो रहे हैं, लेकिन दोनों देश अपनी जिद पर अड़े हैं। यूक्रेन के लिए रूस के खिलाफ हुए देशों की तरफ से वित्तीय और सैन्य सहायता दी जा रही है। मगर ये देश यूक्रेन का नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) में शामिल होने का समर्थन नहीं करते हैं।

यूक्रेन ने पिछले साल रूस के आक्रमण के बाद नाटो में शामिल होने के अपने प्रयास तेज कर दिए लेकिन पश्चिमी सैन्य गठबंधन के सदस्य इस बात पर अपना अलग-अलग मत रखते हैं। कुछ का मानना है कि यह कदम तेजी से उठाया जाना चाहिए।



### नाटो में क्यों शामिल होना चाहता है यूक्रेन!

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन अब ऐसा मानने लगा कि नाटो में शामिल होना ही रूस समर्थक अलगाववादियों से निपटने का एकमात्र उपाय है। आए दिन दोनों देशों के बीच सीमा पर सैन्य झड़प हो रही है, जिसका फायदा उठाकर पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों द्वारा संघर्ष को तेज किए जाने की आशंका है। नाटो की तरफ यूक्रेन का रुख इस मसले के प्रति भी ज्यादा साफ हो जाता जब रूस ने उत्तरी और पूर्वी सीमाओं के साथ-साथ क्रीमिया प्रायद्वीप (वर्ष 2014 से रूस के कब्जे में) पर हजारों सैन्य कर्मियों की तैनाती की थी।

### नाटो का सदस्य बनना क्यों है अहम!

साल 2008 में अपने बुखारेस्ट शिखर सम्मेलन में नाटो इस बात पर सहमत हुआ कि यूक्रेन गठबंधन में शामिल होगा, लेकिन नाटो नेताओं ने अब तक उस दिशा में ठोस कदम उठाने से परहेज किया है। नाटो का सदस्य बनने से यूक्रेन वाशिंगटन संधि के अनुच्छेद 5 की छत्रछाया में होगा, जिसमें कहा गया है कि एक पर हमला सभी सहयोगियों पर हमला माना जाता है। नाटो का गठन 1949 में मित्र देशों पर हमले का मुकाबला करने को किया गया था।

## पाकिस्तान: शरीफ को अयोग्य घोषित करने की याचिका

# पीएम की मुश्किलें बढ़ी

**एजेंसी** | लाहौर

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ एक अदालत में याचिका दाखिल की गई है, जिसमें उन्हें अपने भाई नवाज शरीफ के ब्रिटेन में इलाज कराने के बाद वापस लौटने के बारे में अदालत से "झूठा वादा" करने के लिए अयोग्य करार देने का अनुरोध किया गया है।

लाहौर हाई कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी और कहा कि यह याचिका तब दायर की जानी चाहिए थी, जब शहबाज पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान अपना वादा पूरा करने में विफल रहे थे।

सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री के बड़े भाई नवाज शरीफ नवंबर 2019 से ब्रिटेन में स्व-निर्वासन में रह रहे हैं। याचिकाकर्ता अजहर अब्बास ने दलील दी कि शहबाज शरीफ ने नवंबर 2019 में लाहौर हाई कोर्ट की दो-सदस्यीय पीठ के समक्ष 'झूठा हलफनामा' दायर किया था कि अगर नवाज शरीफ को इलाज के लिए विदेश जाने की अनुमति दी जाती है तो वह चार सप्ताह के अंदर अपने बड़े भाई की वापसी सुनिश्चित करेंगे।



### नवाज कर रहे यूरोप व खाड़ी देशों की यात्रा

याचिकाकर्ता ने कहा कि लाहौर हाई कोर्ट ने शहबाज शरीफ के हलफनामे को स्वीकार कर लिया था और नवाज शरीफ को इलाज के सिलसिले में चार सप्ताह के लिए विदेश जाने की अनुमति दी थी। याचिका में कहा गया है कि नवाज नवंबर 2019 से यूरोप और खाड़ी देशों की यात्रा कर रहे हैं, लेकिन शहबाज के हलफनामे के अनुसार देश नहीं लौट रहे। ऐसा प्रतीत होता है कि नवाज शरीफ ने अदालत से राहत पाने के लिए अपनी बीमारी का बहाना बनाया था।

### एएजी ने जताई आपत्ति

याचिकाकर्ता ने अदालत से गुहार लगाई कि शहबाज को संविधान के अनुच्छेद 62 और 63 के प्रावधानों के तहत अयोग्य ठहराया जाना चाहिए। सहायक अटॉर्नी जनरल शिराज जाका ने याचिका पर आपत्ति जताते हुए कहा कि याचिकाकर्ता इस मामले में पीड़ित व्यक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को उस समय की पीटीआई सरकार ने विदेश जाने की अनुमति दी थी। बता दें पूर्व पीएम नवाज शरीफ लाहौर में सात साल की जेल की सजा काट रहे थे। नवंबर 2019 में लाहौर उच्च न्यायालय ने उन्हें इलाज के लिए विदेश जाने की अनुमति दी थी।

## दक्षिण-पश्चिमी चीन में मौसमी मूसलाधार बारिश

# पहाड़ी इलाकों में बाढ़, 15 लोगों की मौत

**एजेंसी** | बीजिंग

दक्षिण-पश्चिमी चीन के पहाड़ी इलाकों में मौसमी मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ से कम से कम 15 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्थानीय सरकार की वेबसाइट के अनुसार, 3.1 करोड़ की आबादी वाले विशाल पहाड़ी क्षेत्र चोंगकिंग में सुबह तक चार लोगों के लापता होने की खबर भी थी। देश के अन्य हिस्सों में भी कुछ ऐसे ही हालात हैं लेकिन चोंगकिंग में बाढ़ घातक प्रतीत हो रही है, जहां से अब तक हजारों लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पश्चिमी प्रांत सिचुआन में, बाढ़ के कारण 85,000 से अधिक लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

चोंगकिंग में बाढ़ की चेतावनी का स्तर चार से बढ़ाकर तीन कर दिया गया है, जो संकट की बढ़ती गंभीरता को दर्शाता है। सरकारी वेबसाइट पर पोस्ट की गई तस्वीरों में, बचाव दल नाव में सवार होकर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते और कार्यकर्ता भूस्खलन से अवरुद्ध सड़कों को साफ करते नजर आ रहे हैं। हर साल चीन के बड़े हिस्से में मौसमी बाढ़ आती है, खासकर अर्ध-उष्णकटिबंधीय दक्षिण क्षेत्र में। इस वर्ष कुछ उत्तरी क्षेत्रों में भी 50 साल में सबसे भीषण बाढ़ की खबरें हैं।

## US में गोलीबारी... 1 किशोर की मौत

**सॉल्जबरी।** मेरीलैंड के पूर्वी तट पर एक पार्टी में हुई गोलीबारी में 14 साल के किशोर की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। काउंटी शेरिफ के अनुसार घटना बुधवार तड़के की है। शेरिफ कार्यालय को आधी रात के कुछ देर बाद सॉल्जबरी में गोलीबारी की सूचना मिली। शेरिफ कार्यालय ने बताया कि जांच में पता चला है कि सात लोगों को गोली लगी है।

# दो सैनिकों और एक बच्चे की मौत

**एजेंसी** | पेशावर

पाकिस्तान के उत्तरी-पूर्वी हिस्से में स्थित एक सुरक्षा चौकी पर बुधवार को हुए आत्मघाती हमले में कम से कम दो सैनिकों और 10 वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में 14 अन्य लोग घायल हुए हैं। अफगानिस्तान की सीमा से जुड़े खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मिरान शाह कस्बे में यह घटना हुई।



यह इलाका तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के नाम से मशहूर आतंकवादी पाकिस्तान तालिबान समूह का गढ़ हुआ करता था। पुलिस के एक अधिकारी राशिद खान ने बताया कि हमले में कम से कम 14 आम नागरिक और कुछ सैनिक भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल हमलावर के आकाओं को खोज रहे हैं। उन्होंने बताया, 'कम से कम दो सैनिक और 10 वर्ष का बच्चा मोहम्मद कासिम शहीद हो गए हैं।' सेना की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अभी तक किसी व्यक्ति या संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## चौंकाने वाली नई स्टडी

# मंगल $35^{0}$ झुका तो बहने लगेगा पानी!

**एजेंसी** | वाशिंगटन

मंगल ग्रह पर कभी पानी हुआ करता था, इस तथ्य से वैज्ञानिक वर्षों से परिचित हैं। लाल ग्रह पर अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा भेजे गए मिशनों से वहां गड्ढेदार चैनलों का पता चला है। इन्हें मंगल ग्रह की गली या नाली कहा जाता है। हालांकि पास से देखा जाए, तो ये घाटियां जैसी हैं।

ब्राउन यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने एक स्टडी में पाया है कि इन नालियों के निर्माण में पिघलती बर्फ के पानी ने अहम भूमिका निभाई होगी। दरअसल, ये नालियां, पृथ्वी पर अंटार्कटिका की सूखी घाटियों में पाई जाने वाली नालियों से मिलती-जुलती हैं।



### बर्फ पिघलने से पानी आ जाएगा तरल रूप में

रिसर्च टीम टीम को पता चला कि मंगल ग्रह जब अपनी धुरी पर लगभग 35 डिग्री तक झुक जाता है, तो इसका वातावरण इतना घना हो जाता है कि बर्फ के पिघलने की घटनाएं कुछ समय तक हो सकती हैं। दरअसल, अगर लाल ग्रह झुक गया तो बर्फ को पिघलाने के लिए पर्याप्त रूप से गर्म होने लगेगा। ऐसे में ग्रह पर बर्फ के रूप में मौजूद पानी तरल रूप में वापस आ सकता है। माना जाता है कि करीब 3 अरब साल पहले मंगल ग्रह का पानी खत्म हो गया था।

### होता है नालियों का निर्माण

शोध के निष्कर्षों से पता चलता है कि मंगल ग्रह पर नालियों का निर्माण कई-कई वर्षों में होता रहा। सबसे हालिया घटना 6.30 लाख साल पहले हुई होगी, ऐसा अनुमान लगाया गया है। यह स्टडी साइंस जर्नल में पब्लिश हुई है। स्टडी पूर्व में हुई एक रिसर्च पर आधारित थी, जिसमें कई दशक पहले ही मंगल ग्रह पर नालियों की जांच शुरू कर दी गई थी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl